राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

**कार्यालय ऑफिस**
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात,संस्करण शनिवार, 09 जुलाई 2022 वर्ष-5,अंक-164 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# सुप्रीम कोर्ट में उद्धव ठाकरे गुट की एक और याचिका, शिंदे को सरकार बनाने के गवर्नर के आमंत्रण को चुनौती

## उद्धव ठाकरे खेमे ने 30 जून को एकनाथ शिंदे को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने के महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की है।

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन के बाद अब निगाहें सुप्रीम कोर्ट में 11 जुलाई को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक उद्धव ठाकरे कैंप ने सर्वोच्च न्यायालय में एक और याचिका दाखिल की है। इसमें गवर्नर के निमंत्रण को चुनौती दी गई है। उद्धव ठाकरे खेमे ने 30 जून को एकनाथ शिंदे को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने के महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की है। यह कदम शिंदे द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद आया है। आपको बता दें कि उद्धव ठाकरे गुट के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गई हैं। सभी मामलों पर 11 जुलवाी



पर एकसाथ सुनवाई होनी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के बागी विधायकों के गुट के नए पार्टी सचेतक (व्हिप) को मान्यता देने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर 11 जुलाई को सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

आत्महत्या के अलावा दूसरा कोई और रास्ता नहीं होगा... क्या जावेद अख्तर ने कंगना रनौत से कही थी ये बात?

न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि नई याचिका की सुनवाई भी पहले से लंबित अन्य मामलों के साथ ही 11 जुलाई को समान पीठ की ओर से की जाएगी। उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ए. एम. सिंघवी ने कहा, 'सचेतक को मान्यता देना अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह इस अदालत के समक्ष कार्यवाही की यथास्थिति को बदल रहा है। अध्यक्ष ने आधी रात को नए सचेतक की नियुक्ति की।'

**इसमें गवर्नर के निमंत्रण को चुनौती दी गई है। उद्धव ठाकरे खेमे ने 30 जून को एकनाथ शिंदे को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने के महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की है। यह कदम शिंदे द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद आया है।**

## रेलवे ने रचा इतिहास, 10 महीने की छोटी बच्ची को अनुकंपा के आधार पर दी नौकरी



**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में एक दुर्घटना में अपने माता-पिता को खोने वाली 10 महीने की बच्ची को रेलवे ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह 18 वर्ष की होने के बाद रेलवे में काम कर सकती है। उन्होंने बताया कि राज्य के इतिहास में संभवत- पहली बार इस उम्र की बच्ची को अनुकंपा के आधार पर ऐसा प्रस्ताव दिया गया। अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियों का उद्देश्य मृत सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान करना है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) ने एक बयान में कहा, ''चार जुलाई को एसईसीआर, रायपुर रेल मंडल के कार्मिक विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए 10 महीने की बच्ची का पंजीयन किया गया था।'' बयान में कहा गया है, ''बच्ची के पिता राजेंद्र कुमार भिलाई के एक रेलवे यार्ड में सहायक के रूप में कार्यरत थे। एक जून को एक सड़क दुर्घटना में उनकी पत्नी के साथ उनकी मौत हो गई थी। हालांकि, बच्ची बच गई थी।'' इसमें कहा गया है, ''कुमार के परिवार को रायपुर रेल मंडल द्वारा नियमानुसार हर संभव सहायता प्रदान की गई।'' अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने रेलवे के रिकॉर्ड में आधिकारिक पंजीकरण कराने के लिए बच्ची के उंगलियों के निशान लिए हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि के ठिकानों पर ईडी की रेड

### साहेबगंज, बरहेट समेत 18 जगहों पर छापेमारी जारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, टेंडर घोटाले को लेकर साहेबगंज, बरहेट और राजमहल समेत 18 जगहों पर छापेमारी जारी है। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को नारा शहर में गोली मार दी गई है। जापान के NHK वर्ल्ड न्यूज ने इस बात की जानकारी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पहले 'अरुण जेटली मेमोरियल लेक्चर' में भाग लेंगे। वह कार्यक्रम के दौरान सभा को भी संबोधित करेंगे। पीएमओ के अनुसार, पूर्व केंद्रीय मंत्री के राष्ट्र के लिए अमूल्य योगदान के सम्मान में पहला 'अरुण जेटली मेमोरियल लेक्चर' आयोजित किया गया है। वहीं, केरल में अगले पांच दिनों के लिए गरज के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। बता दें कि तिरुवनंतपुरम और कोल्लम को छोड़कर सभी जिलों में आज और कल यलो अलर्ट घोषित किया गया है।



वर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के ठिकानों पर छापेमारी की।

## उच्च जोखिम श्रेणी में 375 से अधिक दिल्ली की इमारतें, मालिकों को जारी किया गया नोटिस

**नयी दिल्ली।** नगर निगम ने दिल्ली में 375 से अधिक घरों और भवनों को जोखिम की श्रेणी में चिन्हित किया है, जिन्हें ध्वस्त किए जाने एवं मरम्मत की आवश्यकता है। निगम ने उप राज्यपाल वी के सक्सेना के निर्देश पर यह कवायद की है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में सदर-पहाड़गंज के 112 और सिविल लाइंस इलाके में 101 घरों के ढांचे को खतरनाक माना गया है। सक्सेना ने 27 जून को एमसीडी और नई दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) को बारिश के मौसम में ढहने के जोखिम वाली इमारतों की पहचान करने और उन्हें ध्वस्त करने या मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।



एक अधिकारी ने बताया कि एनडीएमसी ने सर्वेक्षण के लिए दो टीम का गठन किया और जुलाई के पहले सप्ताह तक किए गए सर्वेक्षण में 110 परिसरों को जोखिम की श्रेणी में पाया गया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं। निगम के एक अधिकारी ने कहा कि एमसीडी ने एक जुलाई तक शहर के 26,62,135 मकानों में से 24,73,179 का सर्वेक्षण किया, जिनमें से 266 को जोखिम की श्रेणी में पाया गया और इनके मालिकों को नोटिस जारी किया गया।

### उत्तराखंड के रामनगर में बड़ा हादसा

## पुल से गुजरते पानी में बही कार; पंजाब के 9 पर्यटकों की गई जान

**रामनगर।** उत्तराखंड के रामनगर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां उफनाई ढेला नदी में कार गिरने से 9 पर्यटकों की मौत हो गई है। सभी के शव बाहर निकाल लिए गए हैं। मरने वाले सभी लोग पंजाब के रहने वाले हैं।

कुमाउं रेंज के डीआईजी आनंद भारन ने दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 9 पर्यटकों की मौत हो गई तो 1 लड़की को जीवित बचा लिया गया है। 5 लोग अभी भी फंसे हुए हैं।



बताया जा रहा है कि भारी बारिश के बाद ढेला नदी का पानी पुल तक चढ़ गया था और इस दौरान वहां से गुजर रहे पर्यटकों ने जोखिम लेकर पुल पार करने की कोशिश की। लेकिन बीच में जाने के बाद कार नदी की तेज धार के साथ बह गई।

## गोल्ड स्मगलिंग केस-स्वप्ना सुरेश का आरोप- CM विजयन कर रहे मेरा उत्पीड़न; केंद्रीय मंत्री ने मांगा इस्तीफा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल गोल्ड स्मगलिंग केस की आरोपी स्वप्ना सुरेश ने मुख्यमंत्री पिनरई विजयन पर उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि वह सत्य को सामने लाने का प्रयास कर रही हैं, इसलिए सीएम की ओर से उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। सुरेश ने कहा, मुख्यमंत्री से लोगों को सुरक्षा देने की उम्मीद की जाती है लेकिन केरल के सीएम मेरा उत्पीड़न कर रहे हैं। मैं सत्य सामने लाने के लिए लड़ रही हूं, इसलिए ऐसा हो रहा है। वह ऐसा अपनी बेटी के साथ नहीं कर सकते हैं। उन्हें हम सभी को अपनी बेटी के तौर पर देखना होगा। स्वप्ना सुरेश ने कहा, मेरे खिलाफ साजिश का मामला दर्ज किया गया है, जिसे लेकर क्राइम ब्रांच ने मुझसे पूछताछ की। दरअसल, यह




उत्पीड़न है। जांच टीम ने मुझे एचआरडीएस इंडिया से हटने और अपने वकील कृष्णा राज को छोड़ने के लिए कहा। यह एक धमकी है।

**क्या है गोल्ड स्मगलिंग केस?**

5 जुलाई, 2020 को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने एक बैग से 30 किलोग्राम 24-कैरेट सोना जब्त किया गया था, जिसे तिरुवनंतपुरम में यूएई वाणिज्य दूतावास में पहुंचाया जाना था। केरल के सीएम पिनाराई विजयन के प्रधान सचिव एम शिवशंकर को निलंबित कर दिया गया था और प्रारंभिक जांच के बाद पद से हटा दिया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में पता चला कि आरोपियों में से एक स्वप्ना सुरेश के साथ उनके संबंध थे।

**केरल के मुख्यमंत्री इस्तीफा दें- केंद्रीय मंत्री**-वहीं, केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने इस मामले को लेकर केरल की माकपा नीत एलडीएफ सरकार पर हमला किया। साथ ही मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से अपने पद से इस्तीफा देकर जांच का सामना करने की मांग की। करंदलाजे ने कहा कि इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि सोने की तस्करी के किसी मामले में किसी मुख्यमंत्री और उनके परिवार के विरूद्ध आरोप लगाए गए हैं।

# 10 राज्यों में अगले 5 दिन भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में रोजाना बारिश हो रही है। महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल आदि जैसे राज्यों में बारिश के हालात बेकाबू होने लगे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में आज बादल छाए रहेंगे। शाम या रात में कई इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है । शनिवार को मध्यम स्तर की बारिश के आसार है। उसके बाद उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।

हिमाचल प्रदेश में अगले तीन दिन के दौरान चार जिलों कांगड़ा, मंडी, सोलन व सिरमौर में भारी वर्षा के साथ आंधी की चेतावनी जारी की गई है । लाहुल स्पीति को छोड़ बाकी जिलों में आंधी व वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने ऐसे राज्यों के बारे में जानकारी दी है, जहां पर अगले पांच दिनों तक भारी बारिश और आंधी तूफान आने वाला है। यात्रियों और पर्यटकों को सावधान रहने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान में 8 जुलाई को भारी बारिश होगी।

**अगले पांच दिन तक इन 10 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी**

मौसम विभाग के मुताबित पूर्वी यूपी में अगले पांच दिनों तक झमाझम बारिश के आसार हैं। वहीं IMD ने ट्वीट करके बताया है कि ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और माहे, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा, आंधी-तूफान भी आएगा।



मौसम विभाग ने बताया कि गुजरात में 8 से 11 जुलाई के बीच भारी बारिश की संभावना है। 7 से 9 जुलाई के बीच सौराष्ट्र और कच्छ में भारी बारिश होगी। 10 और 11 तारीख को मध्य महाराष्ट्र में तेज बारिश होने वाली है। इसके अलावा, कर्नाटक में 9 जुलाई को भारी बारिश होगी। तटीय आंध्र प्रदेश में 7, 8 जुलाई और 11 जुलाई को तेज बारिश होगी। वहीं, तेलंगाना में 7 और 8 जुलाई व 11 जुलाई को तेज बारिश होगी।

**यूपी और उत्तराखंड आंधी तूफान के साथ होगी भारी बारिश**

उत्तराखंड में पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के भी कई हिस्सों में बारिश हो रही। मौसम विभाग के मुताबिक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 8 और 9 जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश होगी। मौसम विभाग के ताजा ट्वीट के अनुसार अगले पांच दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश और आंधी तूफान की संभावना है।

**पंजाब में आज से तीन दिन बारिश के आसार**

पंजाब में मानसून सक्रिय है और मौसम विभाग की मानें तो आठ से 10 जुलाई तक प्रदेश में बारिश की संभावना है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी का अनुमान है और कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश होगी। नौ और 10 जुलाई को कुछ स्थानों पर जोरदार बारिश भी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आठ जुलाई को पठानकोट, होशियारपुर, रूपनगर, गुरदासपुर, नवांशहर, एसएएस नगर, फतेहगढ़ साहिब में अच्छी बारिश का अनुमान है।

**उत्तराखंड के 8 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी**

मौसम विभाग ने अगले दो दिन देहरादून समेत आठ जिलों में भारी से भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह क मुताबिक जुलाई के दूसरे सप्ताह में वर्षा का क्रम जारी रह सकता है। दो दिन चंपावत, नैनीताल, देहरादून, पौढ़ी, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और ऊधमसिंह नगर में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की आशंका है। अन्य जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

**सुविचार** मिलने पर मित्र का आदर करो, पीठ पीछे प्रशंसा करो और आवश्यकता के समय उसकी मदद करो। - जातक कथा

# संपादकीय

## उड़ान के खतरे

यह खबर हर किसी को चौंकाती है कि विमानन सेवा में महज अठारह दिनों में आठ बार गंभीर गड़बड़ी सामने आई हो। जोखिम की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हवाई यात्रा में कम समय में गड़बड़ी के इतने गंभीर मामले गंभीर चिंता का विषय है जो मामले की गंभीरता के मद्देनजर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता बताती है। निस्संदेह नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की इस टिप्पणी से सहमत हुआ जा सकता है कि हवाई कंपनियां विश्वसनीय सेवा सुनिश्चित करने में विफल रही हैं। यह सर्वविदित है कि उड़ान के दौरान हवाई यात्रा जोखिम की दृष्टि से बेहद संवेदनशील होती है। जरा सी चूक से सैकड़ों लोगों की जिंदगी मिनटों में संकटों में घिर सकती है। इसका देश व विदेश के हवाई यात्रियों में बेहद नकारात्मक संदेश जाता है। विडंबना है कि महज अठारह दिनों में हवाई जहाजों में आई तकनीकी खराबी का खमियाजा केवल घरेलू यात्रियों को ही नहीं भुगतना पड़ा बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सेवा भी प्रभावित हुई। बीते मंगलवार को दुबई जा रहा एक हवाई जहाज आपातकालीन परिस्थितियों में मजबूरन पाकिस्तान के कराची शहर में उतारा गया। यह अच्छी बात है कि किसी तरह से जान-माल को आंच नहीं आई। निश्चित रूप से नागरिक उड्डयन महानिदेशालय इस मामले में देर से जागा। वह शुरुआत में ही सख्ती दिखाता तो शायद हवाई यात्रा को लेकर अतिरिक्त चौकसी बढ़ा दी जाती। इससे पहले कांडला से मुंबई जा रहे विमान में भी तकनीकी खराबी के कारण विमान को आपातकाल में उतारना पड़ा था। निस्संदेह, विमान में छोटी-सी भी तकनीकी खामी घातक साबित होती है, जिससे यात्रियों में भय का वातावरण बन जाता है। कमोवेश ऐसी ही स्थिति उन्नीस जून को दिल्ली के लिये पटना से उड़े विमान में भी पैदा हो गई थी जब उड़ान भरने के बाद विमान के एक इंजन में आग लग गई। पायलट की सूझबूझ से विमान को वापस पटना हवाई अड्डे पर उतार लिया गया। यदि समय रहते सजगता न दिखायी गई होती तो यात्रियों की जिंदगी खतरे में पड़ जाती। निश्चित रूप से थोड़े से अंतराल में विमानों की आपातकालीन लैंडिंग की इतनी घटनाएं हमारी विमानन सेवाओं की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगाती हैं। किसी स्तर पर कोई चूक न हो इसके लिये जरूरी है कि निगरानी करने वाली संस्थाएं सतर्क रहें। लेकिन यहां जिम्मेदार एजेंसियां तब जागी जब आठ बार यात्रियों का जीवन जोखिम की परिधि में रहा। जाहिर है इसमें विमानन कंपनियों के स्तर पर तो चूक है ही, नियमन-निगरानी करने वाली सरकारी संस्थाओं के स्तर पर भी मामले की गंभीरता की अनदेखी की गई है। एक विमानन कंपनी को कारण बताओ नोटिस बहुत देर बाद जारी किया गया। बहरहाल, हाल की घटनाएं निष्कर्ष देती हैं कि विमानन सेवाओं में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। यह भी कि भारत में सेवाएं देने वाली विमानन कंपनियां वायुयात्रा में सुरक्षा के अंतर्राष्ट्रीय मानकों की अनदेखी कर रही हैं। हवाई यात्रा के जोखिम व संवेदनशीलता को देखते हुए सतर्कता व चौकसी के जो उपाय बरते जाने चाहिए, उनकी अनदेखी ही हुई है। निस्संदेह, दुर्घटनाओं से निरापद हवाई यात्रा की अनिवार्य शर्त है कि विमानन कंपनियां भरोसेमंद व विश्वसनीय हवाई सेवा यात्रियों को उपलब्ध करायें। इसके लिये जरूरी है कि एयरलाइन कंपनियां आंतरिक सुरक्षा निरीक्षण की गुणवत्ता को सुधारें। साथ ही नियमित रूप से इनके रखरखाव की निगरानी रखी जानी चाहिए ताकि किसी अनहोनी को टाला जा सके। जैसा कि डीजीसीए ने कहा भी है कि अधिकांश मामलों में शिकायत संचालन प्रणाली व कलपुर्जों के ठीक से काम न करने के बाबत आई है।

# 9 जुलाई गाय प्रशंसा दिवस

(लेखक- विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन)

गाय एक ऐसा जानवर हैं जो जीवित अवस्था में उपयोगी हैं और मरने के उपरान्त भी उपयोगी जानवर हैं .हमारे देश में गाय माता के रूप में मानी जाती हैं तो वही वह ममता की मूरत होती हैं.आज इसे खाने के साथ चमड़े,हड्डी के लिए गोहत्या की जाती हैं जो निंदनीय हैं।

गाय प्रशंसा दिवस एक ऐसा दिन है जिसे गायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके द्वारा की जाने वाली हर चीज की सराहना करने के लिए बनाया गया है! गाय प्रशंसा दिवस के दौरान आपने कुछ अजीबोगरीब चीजें देखी होंगी। बहुत सारे लोग मुफ्त भोजन के लिए गायों की तरह तैयार होते हैं, और यह तो बस इसकी शुरुआत है! कई हिंदुओं के लिए, जो भारत की 1.3 अरब आबादी का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा हैं, गाय एक पवित्र जानवर है। हिंदू पौराणिक कथाओं में, जानवर को शिव जैसे कई देवताओं के साथ चित्रित किया गया है, जो अपने बैल नंदी, या कृष्ण, चरवाहे पर सवारी करते हैं। गाय कई उपयोगों के साथ एक मजबूत जानवर है, और दुनिया के कुछ हिस्सों में, जैसे भारत और नेपाल में इसे पवित्र माना जाता है। जबकि कुछ अपने मांस, दूध और खाल के लिए मवेशी पालते हैं, जिसका उपयोग चमड़ा बनाने के लिए किया जाता है, अन्य उन्हें पालतू जानवर के रूप में रखते हैं। इस दिन और उम्र में भी, उन्हें अभी भी मनुष्य की एक महत्वपूर्ण संपत्ति माना जाता है, इसलिए यह उचित है कि उनके पास गाय प्रशंसा दिवस है जो जुलाई के हर दूसरे मंगलवार को चिह्नित किया जाता है। मवेशी मानव इतिहास में एक अनूठी भूमिका निभाते रहे हैं और कहा जाता है कि उन्हें नवपाषाण युग की शुरुआत में पालतू बनाया गया था। वे 2009 में पूरी तरह से मैप किए गए जीनोम वाले पहले पशुधन जानवरों में से एक बन गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान और अमेरिकी कृषि विभाग के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम ने पाया कि मवेशियों में लगभग 22,000 जीन होते हैं, और उनके 80 प्रतिशत जीन होते हैं। मनुष्यों के साथ साझा किया।

**गाय प्रशंसा दिवस का इतिहास:**

पहली बार दिन को 2004 में चिह्नित किया गया था और इसे चिक-फिल-ए द्वारा बनाया गया था, जो सबसे बड़ी अमेरिकी फास्ट फूड रेस्तरां श्रृंखलाओं में से एक है, जिसकी विशेषता चिकन सैंडविच है। यह इसके विनोदी 'ईट मोर चिकन' मार्केटिंग अभियान के बाद आया, जो 1995 में शुरू हुआ था। विज्ञापन अभियान के पीछे का विचार यह था कि गायें चाहती हैं कि लोग बीफ से ज्यादा चिकन खाएं।

**गाय प्रशंसा दिवस का महत्व:**

यह दिन हमारे जीवन में गायों के महत्व पर प्रकाश डालता है, न केवल उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले दूध और मांस के लिए, बल्कि खेतों में गाड़ियाँ और हल खींचने जैसे काम के लिए भी। जब चीजों को उगाने की बात आती है तो वे सहायक भी होते हैं, क्योंकि उनके गोबर को खाद या ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह दिन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन सभी अच्छी चीजों के बारे में जागरूकता लाता है जो हमें गाय से मिल सकती हैं और हमें इसकी देखभाल कैसे करनी चाहिए।

**गाय प्रशंसा दिवस कैसे मनाया जाता है:**

आम तौर पर अमेरिका में, लोग गाय की पोशाक में तैयार होते हैं और चिक-फिल-ए जाते हैं जहां उन्हें मुफ्त भोजन दिया जाता है। पहला गाय प्रशंसा दिवस 2004 में चिक-फिल-ए के विनोदी 'ईट मोर चिकन卐 मार्केटिंग अभियान के आलोक में शुरू किया गया था, जो 1995 में शुरू हुआ था। अभियान के पीछे का विचार यह है कि गाय चाहती हैं कि लोग बीफ के बजाय अधिक चिकन खाएं। जबकि गाय दूध, पनीर, दही और आइसक्रीम जैसे बेहद स्वादिष्ट उपोत्पादों का उत्पादन करने में मदद करती हैं, हम उन डेयरी विकल्पों की तुलना में बहुत अधिक गोमांस खाते हैं। हालांकि बीफ विटामिन और खनिजों में अत्यधिक समृद्ध हो सकता है, और कम मात्रा में खाने के लिए अच्छा हो सकता है, फिर भी हमें खुद जानवरों को एक प्रशंसा देनी चाहिए जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं।

मनुष्य हजारों वर्षों से गायों का दूध पी रहा है। आधुनिक डेयरी फार्मिंग 1900 की शुरुआत में पाश्चराइजेशन विकसित होने के बाद शुरू हुई। आज, दुनिया भर में 65% लोग लैक्टोज को पचाने में असमर्थ हैं, यह संख्या कुछ जातीय समूहों में लगभग 90ब है, जिनमें मूल अमेरिकी, अफ्रीकी अमेरिकी और हिस्पैनिक मूल के लोग शामिल हैं। तो हम अभी भी दूध क्यों पी रहे हैं? शुरू करने के लिए, यह स्वादिष्ट है, और अक्सर कई व्यंजनों में एक प्रमुख घटक है। हालांकि, हाल ही में दुनिया भर में कई वयस्कों के लिए दूध के विकल्प लोकप्रियता और गति प्राप्त कर रहे हैं। अग्रणी स्वास्थ्य संगठन अभी भी छोटे बच्चों के लिए दूध के पोषण लाभों को पहचानते हैं, और केवल वयस्कों के लिए पौधे आधारित दूध पर प्राकृतिक डेयरी दूध की सिफारिश करते हैं।

लैक्टोज के मुद्दे एक तरफ, गायों ने हमें पिछले हजारों वर्षों और उससे अधिक समय के लिए आभारी होने के लिए बहुत कुछ दिया है।ए एस पी एस ए का कहना है कि कई गायों और अन्य खेत जानवरों के साथ कारखाने के खेतों में अमानवीय व्यवहार किया जाता है। यह इस तरह नहीं होना चाहिए। छोटे पैमाने के पारिवारिक फार्मों और घरेलू फार्मों का प्रबंधन 'फैक्ट्री फार्मों' की तुलना में अलग ढंग से किया जाता है, जिनमें 500 या अधिक मवेशी होते हैं। इन छोटे पैमाने के खेतों का समर्थन करना, जो कि निगमों के बजाय परिवारों के स्वामित्व में हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करते हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि गायों को वह देखभाल और सम्मान मिले जिसके वे हकदार हैं।

8,000 ईसा पूर्व,एक गाय लो,घरेलू गाय की उत्पत्ति।

6,000 ईसा पूर्व,बैंक में मूस,अनाज और मवेशियों को मुद्रा के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और व्यापार किया जाता था।

4,000 ईसा पूर्व,दूध मिल गया?,गायों का दूध दुहना शुरू हो गया।

500 ईसा पूर्व,द ग्रेट मू-ग्रेशन,अफ्रीका में पहले ज्ञात मवेशी।

अगस्त 25, 1493,द मू वर्ल्ड,क्रिस्टोफर कोलंबस मवेशियों को अमेरिका ले आए।

**संख्या के अनुसार गाय प्रशंसा दिवस**

गाय बहुत सामाजिक होती हैं

वे बहुत ही सामाजिक, भावनात्मक प्राणी हैं जो अपने दोस्तों और परिवार के साथ कड़े बंधन बनाते हैं, विशेष रूप से एक मां और उसके बछड़ों के बीच का बंधन, जो अलग होने पर दोनों को अत्यधिक संकट दिखाएगा।

**गायें अधिक दूध देती हैं जब वे खुश होती हैं**

हाल ही में हुए एक अध्ययन ने यह निष्कर्ष निकाला है कि जो मवेशी खुशहाल जीवन जीते हैं, वे अधिक कैल्शियम के साथ अधिक पौष्टिक दूध का उत्पादन करते हैं।

गाय एक दिन में 125 पाउंड तक लार का उत्पादन कर सकती हैं

अपने भोजन को संसाधित करने के लिए, गायों के चार पेट नहीं होते हैं, लेकिन उनके पेट में चार कक्ष होते हैं - रुमेन, रेटिकुलम, ओमासम और एबोमासम कक्ष उन्हें पचाने वाली कठिन घास को तोड़ने में मदद करते हैं।

**भारत में गाय पवित्र हैं**

गायों को भारत में हर जगह सड़कों पर घूमते हुए देखा होगा, क्योंकि उन्हें पवित्र माना जाता है, और हैम्बर्गर नहीं, क्योंकि हिंदू धर्म की मान्यताओं के कारण गाय का मांस खाना पाप माना जाता है।

गायों की याददाश्त बहुत अच्छी होती है


गायों को लगभग सब कुछ याद रखने के लिए जाना जाता है। उनके पास महान स्थानिक स्मृति भी है।

गाय उन खाद्य पदार्थों का उत्पादन करती हैं जो हम में से कई लोग रोजाना खाते हैं

# फिल्मों के माध्यम से आस्था का मजाक उड़ाना उचित नहीं?

(लेखक- सुरेश हिंदुस्थानी )

चल चित्रों के माध्यम से जिस प्रकार से फिल्म के निर्माता निर्देशकों द्वारा हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं अपमान किया जाता है, वह निश्चित ही शर्म की बात है। इन लोगों की इतनी हिम्मत इसलिए भी हो जाती है, क्योंकि हिन्दु समाज पुरातन काल से सहिष्णु है। वह सर्वधर्म समभाव की भावना को अंगीकार करता है। इसीलिए हिन्दू समाज सभी धर्मों का सम्मान करता रहा है। फिल्म बनाने वाले हिन्दु समाज की इसी विशेषता के कारण ऐसा कुकृत्य करने की दुस्साहसिक हिम्मत करता है। हम यह भली भांति जानते हैं कि ऐसी फिल्म किसी और धर्म की बना दी जाए तो तूफान आ जाता है। कहना यही है कि यह तूफान भी जायज है, क्योंकि इस प्रकार का कृत्य एक बहुत बड़ा धार्मिक अपराध ही है। विश्व के किसी भी व्यक्ति को ऐसी फिल्मों को धार्मिक अपराध की दृष्टि से ही देखना चाहिए। फिर चाहे वह किसी भी धर्म का हो। भारत पुरातन काल से वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से समस्त विश्व को देखता है। इस भाव को पुष्ट करने के लिए भारत के प्राचीन धर्म ग्रंथ समाज को एक होने की राह पर अग्रसर करते हैं। इसलिए भारत की संस्कृति को विविधता में एकता के रूप में व्याख्यायित किया जाता है। भारतीय दर्शन को आत्मसात करने वाले समाज में यही भाव एक विशेष गुण के रूप में दिखाई देता है, लेकिन जब भारत में पराधीन काल रहा, उस समय भारत की इस संस्कृति को मिटाने का उपक्रम किया गया। सांस्कृतिक मानबिन्दुओं पर कुठाराघात करने के कुत्सित प्रयास किए गए। इतना ही नहीं आज भी ऐसी मानसिकता के व्यक्ति पूरे विश्व में रहने वाले हिन्दू समाज की आस्था पर हमला करते दिखाई देते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर सरेआम हिन्दू देवी देवताओं का अपमान किया गया। जिसमें हम सभी को स्मरण होगा कि एक मुस्लिम चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन ने माँ सरस्वती की आपत्तिजनक तसवीर बनाकर भारत की आस्था को रौंदने का काम किया था। विसंगति तो यह है कि कुछ संस्थाओं द्वारा इस कृत्य को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समर्थन किया गया, जबकि इसके विपरीत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के ये समर्थक किसी और धर्म के बारे में सही बात को भी गलत तरीके से प्रचारित करके बबंडर खड़ा कर देते हैं। लेकिन हिन्दू आस्था पर हमले करने वालों के लिए ये मौन साध लेते हैं। हालांकि यह सही है कि किसी भी समाज की आस्था का मजाक बनाना न्यायोचित नहीं कहा जा सकता और न ही यह कृत्य किसी भी प्रकार क्षम्य ही है। ऐसा कृत्य पूरी तरह से एक बड़े अपराध की श्रेणी में ही आता है। फिर भी मन दुखी तब होता है, जब एक जैसी घटनाओं को अलग अलग दृष्टिकोण से देखा जाता है। इस प्रकार की मानसिकता ठीक नहीं कही जा सकती। हम सभी को भारत के मूल स्वभाव का परिचय देना चाहिए। अभी हाल ही में टोरंटो निवासी फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई ने अपनी विवादित डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'काली' का जो पोस्टर जारी किया है, उससे हिन्दू समाज उद्वेलित है। इस पोस्टर में हिन्दू समाज की आराध्य मां काली को अपत्तिजनक अवस्था में प्रदर्शित किया है। यहां प्रश्न यह है कि फिल्म का नाम काली ही क्यों रखा गया? क्या यह सोची समझी साजिश का हिस्सा है? सवाल यह भी है कि ऐसे कृत्यों के बाद भी हिन्दू समाज से शांति से अपील की जाती है। जबकि ऐसे कृत्यों पर मुसलमाना या ईसाई समाज की आवाज की आवाज को विश्व स्तर पर प्रचारित करने का अभियान चलाया जाता है। इसका मतलब यही हुआ कि मारो भी और रोने भी मत दो। किसी शायर ने कहा है कि हम आह भी करते हैं तो हो जाते हैं बदनाम, वो क़त्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होती। आज हिन्दू समाज के साथ यही हो रहा है। वह सही बात भी करता है तो उसे कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया जाता है। इसी प्रकार वाराणसी में प्रकट हुए भगवान शिव के बारे में भी अपमानजनक टिप्पणियां की गईं। स्वाभाविक है कि यह टिप्पणियां हिन्दू समाज की भावनाओं को आहत करने वाली ही थीं, लेकिन हिन्दू समाज ने अन्य धर्मों को पूरा आदर देते हुए शांति बनाए रखी। इसी प्रकार फिल्म पीके में भगवान शिव का मजाक बनाया गया। फिल्म शोले में शिवमंदिर में लड़की छेडने़ जैसा दृश्य फिल्माया जाता है। सलमान खान द्वारा अभिनीत फिल्म का नाम बजरंगी भाईजान रखा जाता है। हालांकि फिल्मों द्वारा प्रदर्शित किए जाने वाले दृश्य इस प्रकार से प्रस्तुत किए जाते हैं कि सब सामान्य जैसा लगे, लेकिन यह सामान्य नहीं होता। यह सब करने के पीछे क्या उद्देश्य है? हां, अगर इन फिल्म बनाने वालों की मानसिकता ही खराब है तो फिर यह सबके बारे में ही ऐसा करते, लेकिन ऐसा योजना पूर्वक हिन्दू समाज को आहत करने का काम किया जाता रहा है। कुल मिलाकर बात यह है कि गलत तो गलत ही होता है। आस्था को अपमानित करने का कोई भी कृत्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं हो सकती। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आशय यही है कि हम वही बोलें जिससे राष्ट्र और समाज की भावनाओं का सम्मान हो। अगर हमारे किसी भी कृत्य से आस्था अपमानित होती है तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कतई नहीं मानी जा सकती। यह घोर अपराध ही है।




# आज के कार्टुन




## जीवन के रूप

जग्गी वासुदेव

अभी हाल ही में, एक महिला मुझे बता रही थी कि कैसे वह कुछ खास ऊर्जा को महसूस कर पाती है और कैसे अलग अलग लोग, विभिन्न प्रकार के रूप और कई खास स्थान आप पर प्रभाव डालते हैं। प्राण-प्रतिष्ठा करने के लिए सबसे अच्छी सामग्री तो मनुष्य ही है क्योंकि इस धरती पर जीवन के जितने भी रूप हैं, उन सब में वही सर्वाधिक विकसित है। मनुष्य ही सबसे ज्यादा आसानी से प्राण-प्रतिष्ठित किया जा सकता है, लेकिन मनुष्यों के साथ समस्या यह है कि हर कुछ मिनटों में वे यू-टर्न ले लेते हैं। आप उन्हें अभी प्राण-प्रतिष्ठित कर सकते हैं पर कल सुबह वे कैसे होंगे, ये हमें नहीं मालूम। तो सबसे बड़ा मुद्दा खास तौर पर आज की दुनिया में ये है कि जो उन्हें आज दिया जा रहा है, क्या वे उसके साथ पूरी तरह से प्रतिबद्ध होंगे? इसी कारण हम अन्य रूपों को प्राण-प्रतिष्ठित करते हैं। आज, आधुनिक विज्ञान अब भी भौतिक वस्तुओं का ही अध्ययन कर रहा है। आप में जो भी भौतिक है, वह सब बाहर से इकट्ठा किया गया है। आप जिसे 'मेरा शरीर' कहते हैं वह तो इस धरती का बस एक टुकड़ा है। आप ने इसको उस भोजन से एकत्रित किया है, जो आप खाते आए हैं। आप में जो भी भौतिक है, उसे बस आपने बाहर से इकट्ठा किया है तो फिर वह आप तो नहीं हो सकते। आप क्या हैं? निश्चित रूप से भौतिकता से परे भी कोई आयाम है। आप अगर उसे अनदेखा करेंगे, तो कोई जीवन ही नहीं होगा। लेकिन अभी तो परिस्थिति ये है कि मानवीय तर्क बुद्धि, जो अपने आप को वैज्ञानिक मानती है, अभी उस स्तर पर है, जहां वह ये निष्कर्ष निकालती है कि जो उपकरणों से मापा न जा सके, उसका अस्तित्व ही नहीं है। इस तरह देखें तो अभी आप सबका कोई अस्तित्व नहीं है क्योंकि आप को मापा नहीं जा सकता। किसी बाध्यता के करण मुझे एक ऐसे संस्थान में जाना पड़ा। उन्होंने मेरे शरीर में 14 इलेक्ट्रोड्स लगाए और फिर कहा,'आप ध्यान कीजिए'। मैंने उत्तर दिया,'मैं नहीं जानता, ध्यान कैसे किया जाता है'। वे चौंके और बोले,'आप तो सब को ध्यान करना सिखाते हैं'। मैंने कहा,'मैं ऐसा इसलिए करता हूं क्योंकि वे स्थिर बैठना नहीं जानते। उनकी समस्या यह थी कि वे बस एक नाम और एक प्रक्रिया चाहते थे, जिसके परिणाम को वे नाप सकें।

## सू-दोकू नवताल -2161


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 6 | | 4 | | | 7 | |
| | 4 | 5 | 8 | | | | | 3 |
| | | 8 | | 9 | 6 | 1 | | |
| 8 | 3 | | | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| | 5 | 9 | | 3 | | 8 | 1 | |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | | | 5 | 9 |
| | | 2 | 1 | 8 | | 4 | | |
| 1 | | | | | 5 | | 9 | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | 8 | |

### सू-दोकू -2160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 X 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## फिल्म वर्ग पहेली-2161



### बायें से दायें:-

1. ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया की 'झूठ बोले कौआ काटे' गीत वाली फिल्म-2
3. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारत भूषण, मधुबाला अभिनीत फिल्म-3
6. अनिल, माधुरी की 'कह दो कि तुम' गीत वाली फिल्म-3
8. 'कहां गए ममता भरे दिन' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-2
9. बी.आर. चोपड़ा की बहु सितारा फिल्म 'वक्त' के संगीत निर्देशक कौन थे-2
11. नायक अनिलकपूर की पहली फिल्म-3
13. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'मेरे दिल में आज क्या है' गीत वाली फिल्म-2
14. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली फिल्म-3
16. सुनील शेट्टी, पूजा बत्रा की फिल्म-2
17. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय देवगन, मनीषा, अविनाश वधावन, करिश्मा की फिल्म-4
19. 'हम तो तंबू में बंबू' गीत वाली फिल्म-2
20. 'समय तू जल्दी जल्दी चल' गीत वाली राजेश खन्ना, शबाना, विद्या सिन्हा की फिल्म-2
21. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली फिल्म-2
23. फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था ?-2
24. विकास भल्ला, सुमित सहगल, नीलम की फिल्म-2
26. 'बाबूजी धीरे चलना' गीत वाली गुरु दत्त, शकीला, श्यामा की फिल्म-2,2
28. आफताब, उर्मिला की 'रुकी- रुकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-2
29. सुनील दत्त, आशापारेख की फिल्म-3
30. 'चोरी चोरी ओ गोरी' गीत वाली फिल्म-4
31. फिल्म 'डोली सजा के रखना' के संगीत निर्देशक कौन हैं ?-4

### ऊपर से नीचे:-

1. जे. पी. दत्ता की 'ऐ जाते हुए लम्हों' गीत वाली एक मल्टी स्टार फिल्म-3
2. फारुख शेख, नसीरुद्दीन, स्मिता की फिल्म-3
4. 'इतनी शक्तिहमें देना दाता' गीत वाली जया भादुड़ी की पहली फिल्म-2
5. सुनील दत्त, वैजयंती माला की 'औरत ने जनम दिया मर्दों को' गीत वाली फिल्म-3
7. संजीव कुमार, तनूजा की 'आया रे खिलौने वाला' गीत वाली फिल्म-4
10. 'कभी खोले ना तिजोरी का ताला' गीत वाली जीतेंद्र, लीना चंदावरकर की फिल्म-3
12. रामगोपाल वर्मा की मनोज वाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली एक सस्पेंस फिल्म-2
14. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'मेरे सीने में तेरा दिल धड़के' गीतवाली फिल्म-2
15. धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन अभिनीत फिल्म-3
16. बलराज साहनी, पंढरी बाई, नंदा की 'टाई लगा के बन गए जनाब हीरो हीरो' गीतवाली फिल्म-2
17. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा, जीनत की फिल्म-4
18. फिल्म 'एक दूजे के लिये' में कमल हासन के किरदार का नाम क्या था ?-2
21. अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-2
22. 'मैं नये जमाने की लैला' गीत वाली अजय देवगन, रवीना टंडन की फिल्म-2
24. अमिताभ बच्चन, नूतन, पद्मा खन्ना की 'तेरा मेरा साथ रहे ' गीत वाली फिल्म-4
25. 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-2
26. राज कपूर, नर्गिस की 'आ जाओ तड़पते हैं अरमां' गीत वाली फिल्म-3
27. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-3
28. फिल्म 'ये तेरा घर ये मेरा घर' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन है ?-3

### फिल्म वर्ग पहेली-2160

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | जा | द | | सं | घ | र्ष | | प्या | सा |
| क्रो | | स | त्या | | र | | दी | | थी |
| श | र्मि | ला | | ज | | कुं | वा | र | |
| | | ख | ट्टा | मी | ठा | | ना | गि | न |
| उ | षा | | | न | | जू | | नी | |
| त्स | | जा | ल | | श | ही | द | | आं |
| व | च | न | | जी | त | | स | ला | खें |
| | र | | सु | | रं | भा | | वा | |
| अ | स | र | नी | | ज | | वा | रि | स |
| क्स | | नी | ल | म | | मां | | स | |

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## सोने में उछाल, चांदी नीचे आयी

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में सोने की कीमतें बढ़ी हैं जबकि चांदी नीचे आयी है। दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 97 रुपये बढ़कर 50,613 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं गत कारोबारी दिवस में सोना 50,516 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था हालांकि, चांदी 303 रुपये नीचे आकर 56,540 रुपये प्रति किलोग्राम तक फिसल गयी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 56,843 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ ही 1,742 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जबकि चांदी 19.20 डॉलर प्रति औंस पर बनी थी।

## जीएमआर के संयुक्त उद्यम ने इंडोनेशिया के मेडन हवाई अड्डे का परिचालन शुरू किया

**मुंबई ।** जीएमआर समूह के संयुक्त उद्यम अंगकासा पुरा एविआसी (एपीए) ने इंडोनेशिया के मेडन में 'कुआलानामु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (केएनएम) का परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने इसकी जानकारी दी। एपीए, जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड और इंडोनेशिया के सरकारी स्वामित्व वाले हवाई अड्डा परिचालक पीटी अंगकासा पुरा II का संयुक्त उद्यम है। विज्ञप्ति के अनुसार, परियोजना के साथ जीएमआर इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुषंगी कंपनी जीएमआर एयरपोर्ट्स ने बढ़ते इंडोनेशियाई विमानन बाजार में प्रवेश किया है। परियोजना के लिये भागीदारी 25 साल के लिए है। उत्तरी सुमात्रा के गवर्नर एदी रचमायादी और अंगकासा पुरा द्वद्व के अध्यक्ष और निदेशक मोहम्मद अवलुद्दीन ने कहा कि संयुक्त उद्यम ने औपचारिक रूप से इंडोनेशिया के परिवहन मंत्री बुडी कार्य सुमादी की उपस्थिति में 'मेडन' हवाई अड्डे के परिचालन को संभाला। वर्तमान में, जीएमआर समूह दिल्ली, हैदराबाद हवाई अड्डों के साथ-साथ फिलीपीन में मैक्टन सेबू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमसीआईए) का संचालन कर रहा है। समूह हाल ही में फिलीपीन में क्लार्क हवाई अड्डे का निर्माण भी पूरा किया है। इसके अलावा यह ग्रीस के क्रेते में एक नया हवाई अड्डा भी बना रहा है।

## डॉलर की यूरो को कड़ी शिकस्त

**न्यूयॉर्क ।** दुनिया की 2 सबसे बड़ी मजबूत मुद्रा अमेरिकी डॉलर और यूरोप एक दूसरे के मुकाबले में बराबरी पर खड़े हो गए हैं। यूरो मुद्रा में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं अमेरिकी डॉलर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। लगभग 20 बरस के बाद डॉलर और यूरो लगभग एक ही स्तर पर आकर खड़े हो गए हैं। यूरो की गिरावट थम नहीं रही है। अभी भी गिरावट की आशंका बनी हुई है। यूरोप में ऊर्जा संकट और बांड मार्केट को लेकर यूरोपियन सेंट्रल बैंक की नीतियों के कारण यूरो में जबरदस्त गिरावट देखने को मिल रही है। यूरोपीय देशों में ऊर्जा संकट जल्द खत्म होने की संभावना भी नहीं है। ऐसी स्थिति में यूरो मुद्रा लगातार अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट की ओर है। अमेरिका में ब्याज की दरें बढ़ जाने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर की मांग बढ़ी है। जिससे डॉलर मुद्रा मजबूत हुई है। वहीं यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने अभी तक ब्याज दरों में कोई वृद्धि नहीं की है। जिसके कारण यूरो मुद्रा को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।



# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद



**मुंबई ।**

मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में यह उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी बढ़ने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 303.38 अंक करीब 0.56 फीसदी की बढ़त के साथ ही 54,481.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 448.68 अंक तक उछला था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 87.70 अंक तकरीबन 0.54 फीसदी ऊपर आकर 16,220.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो, पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, डॉ. रेड्डीज लैब, नेस्ले, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर ऊपर आये। वहीं दूसरी ओर माजुकी इंडिया, इंडसइंड बैंक, टीसीएस और एशियन पेंट्स के शेयर गिरे हैं। एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त पर रहा जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट रही जबकि अमेरिकी बाजार में तेजी आई। बाजार जानकारों के अनुसार इस तेजी का कारण जिंसों के दाम में गिरावट और मुद्रास्फीति में कमी है। इससे केंद्रीय बैंक नीतिगत दर बढ़ाने की गति धीमी होगी। इसके अलावा सौदे को पूरा करने के लिये की गयी खरीददारी से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

## महिंद्रा हॉलिडेज की दो-तीन साल में 1,000 कमरे जोड़ने की योजना




**मुंबई ।** महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड (एमएचआरआईएल) की अगले दो-तीन साल में कम-से-कम 1,000 कमरे जोड़ने की योजना है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कंपनी की अगले कुछ वर्षों में नई परियोजनाएं शुरू करने, मौजूदा सुविधाओं के विस्तार और अधिग्रहण के जरिये कमरों की संख्या में खासी बढ़ोतरी करने की योजना है। उन्होंने कहा, कंपनी कमरों की संख्या में तगड़ी वृद्धि के लिए प्रयासरत है। हमारी योजना अगले दो-तीन साल में कम-से-कम 1,000 कमरे जोड़ने की है। एमएचआरआईएल नई परियोजनाओं, अधिग्रहण और पट्टे के जरिये इस लक्ष्य को हासिल करना चाहती है। कंपनी ने पिछले दो साल में 800 से अधिक कमरे जोड़े हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। अब इंडोनेशिया के बाली, श्रीलंका के बेन्टोटा और थाइलैंड के पट्टाया जैसे शहर भी उसकी सूची में शामिल हो गए हैं।

## घरेलू एयरलाइन कंपनियों को दी मोदी सरकार ने राहत, बुनियादी उत्पाद शुल्क से राहत दी



**नई दिल्ली ।** एटीएफ की बढ़ती कीमत से परेशान हो रही घरेलू एयरलाइन कंपनियों के लिए अच्छी खबर है। वित्त मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन करने वाली घरेलू एयरलाइंस को तेल विपणन कंपनियों से विमान ईंधन (एटीएफ) की खरीद पर 11 प्रतिशत बुनियादी उत्पाद शुल्क से राहत दे दी है। मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा कि घरेलू एयरलाइंस को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन के लिए बेचे जाने वाले एटीएफ पर बुनियादी उत्पाद शुल्क नहीं वसूला जाएगा। यह फैसला एक जुलाई से ही लागू हो गया है। सरकार ने गत एक जुलाई को विमान ईंधन के निर्यात पर छह रुपये प्रति लीटर की दर से विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उसके बाद संदेह पैदा हुआ था कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन करने वाली घरेलू एयरलाइंस पर यह शुल्क लागू होगा या नहीं। तेल विपणन कंपनियों की राय थी कि एटीएफ के निर्यात पर उत्पाद शुल्क लगने के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों वाली घरेलू एयरलाइंस को 11 प्रतिशत की दर से बुनियादी उत्पाद शुल्क देना होगा। लेकिन वित्त मंत्रालय ने इस पर साफ किया है कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए घरेलू एयरलाइंस पर यह उत्पाद शुल्क नहीं लागू होगा। यह व्यवस्था विदेशी एयरलाइंस को उत्पाद शुल्क में दी जाने वाली छूट के अनुरूप ही होगी। केपीएमजी के कर साझेदार अभिषेक जैन ने कहा, 'विदेश जाने वाले विमान के विमान ईंधन पर उत्पाद शुल्क लागू होने से सरकार ने राहत दे दी है। यह एयरलाइन उद्योग के लिए एक स्वागत-योग्य कदम है।'

## दो शेयर में आई तेजी से भारतीय बिग बुल झुनझुनवाला की संपत्ति एक दिन में 1,061 करोड़ रुपये बढ़ी



**मुंबई ।**

शेयर बाजार से कमाई कर अरबों की दौलत जुटाने वालों में राकेश झुनझुनवाला का नाम पहली कतार में आता है। इसलिए उन्हें भारतीय शेयर बाजार का बिग बुल भी कहा जाता है। झुनझुनवाला ने खिताब को एक बार फिर से सही साबित किया है। उनकी होल्डिंग में शामिल ज्यादातर शेयरों में गुरुवार को तेजी देखने को मिली, लेकिन 02 स्टॉक में ऐसी शानदार उछाल आई कि एक ही दिन में झुनझुनवाला की दौलत करीब 1,061 करोड़ रुपये बढ़ गई। झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा वैल्यू वाले दो स्टॉक टाइटन और स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस हैं। गुरुवार के कारोबार में इन दोनों स्टॉक में बंपर उछाल देखने को मिली। टाटा समूह की कंपनी टाइटन के शेयरों में करीब 08 फीसदी तक की तेजी देखने को मिली, तब स्टार हेल्थ का शेयर 16 फीसदी से ज्यादा उछलने में कामयाब रहा। भारत के वारेन बफेट के नाम से मशहूर झुनझुनवाला की टोटल नेटवर्थ में इन दो शेयरों का बड़ा योगदान है। बीएसई पर गुरुवार को टाइटन का शेयर 114.60 रुपये चढ़कर 2,128 रुपये पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान यह एक समय 2,170.95 रुपये तक गया था, इसके हिसाब से इसकी इंट्रा-डे उछाल 7.8 फीसदी तक रही। पिछले एक साल में टाइटन का शेयर 23 फीसदी से ज्यादा मजबूत हुआ है। अभी इसका मार्केट कैप 1,88,920 करोड़ रुपये है। इसका 52-वीक का हाई 2,767.55 रुपये है, जबकि 52-वीक लो 1.661.85 रुपये है। कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न को देखने में इसमें झुनझुनवाला और उनकी पत्नी के पास 5.05 फीसदी हिस्सेदारी है। इसका मतलब हुआ कि झुनझुनवाला परिवार के पास टाइटन के 4,48,50,970 शेयर हैं।

टाइटन ने चालू वित्तीय साल की पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून के दौरान बिक्री में जबरदस्त उछाल दर्ज की। इस दौरान कंपनी की बिक्री 205 फीसदी बढ़ी है। कंपनी ने हर कैटेगरी में शानदार परफॉर्म किया। जबरदस्त रिजल्ट के चलते गुरुवार को इसके शेयरों में भारी खरीदारी देखने को मिली। इस कारण टाइटन के शेयरों ने छलांग लगा दी। सिर्फ टाइटन की गुरुवार की उड़ान से झुनझुनवाला की दौलत 513.99 करोड़ रुपये बढ़ी। दूसरी ओर गुरुवार को स्टार हेल्थ का शेयर बीएसई पर 54.25 रुपये चढ़कर 530.20 रुपये पर बंद हुआ। अभी इसका मार्केट कैप करीब 30,544.83 करोड़ रुपये है। कंपनी में राकेश झुनझुनवाला के पास 82,882,958 शेयर हैं यानी 14.40 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं उनकी पत्नी रेखा के पास 3.11 फीसदी यानी 17,870,977 शेयर हैं। इस तरह दोनों के पास मिलाकर स्टार हेल्थ की 17.5 फीसदी हिस्सेदारी यानी 100,753,935 शेयर हैं। इसमें आई तेजी से गुरुवार को झुनझुनवाला की दौलत में 546.59 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ।

## इंडिगो के पायलट्स और क्रू के कटे वेतन में 8 फीसदी का इजाफा, 1 अगस्त से लागू होगा फैसला




**नई दिल्ली ।**

भारत की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी एवं किफायती हवाई कंपनी इंडिगो ने अपने पायसट्स और केबिन क्रू की कटे हुए वेतन को 8 फीसदी दोबारा लागू करने का फैसला किया है। बढ़ी हुई सैलरी 1 अगस्त से लागू होगी। इस तरह पायलटों और केबिन क्रू के कुल वेतन को प्री-कोविड सैलरी के 16 फीसदी तक बहाल किया गया है। कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान जब एयरलाइन ट्रैफिक घटा था तब कंपनी ने अपने कर्मचारियों की सैलरी में कटौती की थी। इंडिगो की डोमेस्टिक फ्लाइट्स में से 55 फीसदी फ्लाइट्स 2 जुलाई को देरी से चलीं, क्योंकि बड़ी संख्या में क्रू मेंबर्स ने बीमारी के नाम पर छुट्टी ले ली। सूत्रों ने बताया था कि क्रू मेंबर्स इस तरह छुट्टी लेकर एयर इंडिया के भर्ती अभियान में शामिल होने चले गए थे। इस मामले के बारे में पूछे जाने पर एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए के प्रमुख अरुण कुमार ने रविवार को कहा, हम इसे देख रहे हैं।

4 अप्रैल को इंडिगो ने कुछ पायलट सस्पेंड कर दिए थे, जो कोविड-19 महामारी के चरम पर होने के दौरान की गई वेतन कटौती के विरोध में हड़ताल करने की योजना बना रहे थे। इंडिगो के सीईओ रोंजॉय दत्ता ने 8 अप्रैल को कर्मचारियों से एक ईमेल के जरिए कहा था कि वेतन बढ़ाना एक कठिन मुद्दा है, लेकिन एयरलाइन अपनी प्रॉफिटेबिलिटी और प्रतिस्पर्धी माहौल के आधार पर वेतन की लगातार समीक्षा और समायोजन करेगी। 4 अप्रैल को इंडिगो ने कुछ पायलट सस्पेंड कर दिए थे, जो कोविड-19 महामारी के चरम पर होने के दौरान की गई वेतन कटौती के विरोध में हड़ताल करने की योजना बना रहे थे। इंडिगो के सीईओ रोंजॉय दत्ता ने 8 अप्रैल को कर्मचारियों से एक ईमेल के जरिए कहा था कि वेतन बढ़ाना एक कठिन मुद्दा है, लेकिन एयरलाइन अपनी प्रॉफिटेबिलिटी और प्रतिस्पर्धी माहौल के आधार पर वेतन की लगातार समीक्षा और समायोजन करेगी।

## जापान की 11 कंपनियों से 1,338 करोड़ का निवेश आएगा

**जयपुर ।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जापान की कंपनियों का आह्वान किया किया वे राज्य में पेट्रोरसायन परिसर और कौशल विकास केंद्र के निर्माण में भी निवेश करें। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में जापान की कंपनियों ने प्रमुखता से निवेश किया है और जापानी निवेश राजस्थान में उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। राजस्थान सरकार की ओर से जापान की 11 कंपनियों से समझौता ज्ञापन (एमओयू) किए गए और गहलोत के अनुसार इससे 1,338 करोड़ रुपए का निवेश आएगा। गहलोत इन एमओयू पर हस्ताक्षर के लिए नीमराना स्थित डाईकिन जापानीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैन्युफैक्चरिंग एक्सिलेंस (डीजेआईएमई) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जापान की कंपनियों को अब बाड़मेर में बन रहे पेट्रोरसायन परिसर, इनवेस्ट राजस्थान और कौशल विकास केंद्र के निर्माण में निवेश कर एक अध्याय और लिखना चाहिए। जापानी जोन उद्यमियों में चर्चा का विषय रहता है। जापान की 11 कंपनियों द्वारा किए गए इन एमओयू से 1,338 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और जापान व राजस्थान के रिश्ते और ऊंचाई पर जाएंगे। उन्होंने जापान की कंपनियों से आह्वान किया कि वे पचपदरा में बन रही रिफाइनरी के पेट्रोरसायन परिसर में भी निवेश करें।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर बिहार में एक साल में करेगी 36000 करोड़ का निवेश, मिली स्वीकृति




**पटना।** बिहार अब बीमार प्रदेश के तमगे से मुक्त होने जा रहा है यहां देश के कई उद्योगपतियों ने बिहार में निवेश की इच्छा जताई है। इससे बिहार में अगले कुछ सालों में लाखों युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। बता दें कि अब हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी बड़ी कंपनियों ने अब बिहार में 500 करोड़ से अधिक के निवेश की इच्छा जताई है। अडानी समूह पहले से ही बिहार में निवेश के लिए जमीन तलाश रही है। अब हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी विदेशी कंपनियां भी बिहार में निवेश के लिए जमीन तलाशने का काम शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि हाल के दिनों में बिहार में कई उद्योग-धंधों की शुरुआत हुई है। इसके लिए बिहार के उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन लगातार प्रयास कर रहे हैं। पिछले दिनों ही कोलकाता में निवेश मीट में केवंटर्स एग्रो ने 600 करोड़ और जेआईएस ग्रुप ने 300 करोड़ का निवेश प्रस्ताव बिहार सरकार को दिया था। पेप्सी और आईटीसी जैसी कंपनियां पहले ही निवेश कर काम शुरू कर दिया है। बिहार किस स्तर का उपभोक्ता बाजार बनता जा रहा है, यह हाल के दिनों में उद्योगपतियों के इच्छा से पता चल रहा है। देश के कई उद्योगपति अब बिहार को उत्पादक राज्य बनाने कि दिशा में लगातार निवेश कर रहे हैं। अभी हाल में बिहार के बेगूसराय में पेप्सी ने अपना प्लांट चालू किया है। इसके साथ ही आईटीसी पहले ही बिहार में काम कर रही है। ब्रिटानिया को राज्य सरकार उद्योग लगाने के लिए पहले जमीन आवंटित कर दी है। ब्रिटानिया बिहार में तकरीबन 700 करोड़ रुपये निवेश करने जा रही है। पिछले दिनों दिल्ली में हुई निवेशक सम्मेलन में एचयूएल और अडाणी समूह ने बिहार उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पैंड्रिक से मिलकर निवेश करने में अपनी दिलचस्पी दिखाई थी। एचयूएल ने एफएमसीजी यानी साबुन, तेल और इस तरह के अन्य उत्पादों के साथ फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर विचार कर रही है। इससे बिहार में लाखों युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।


## आकाश एयर की इसी महीने शुरू होंगी वाणिज्यिक उड़ानें




**नई दिल्ली।** आकाश एयरलाइन की वाणिज्यिक उड़ानें इसी महीने शुरू होंगी। आकाश एयर ने कहा कि एयरलाइन की परिचालन की तैयारियों के संदर्भ में सभी नियामकीय और अनुपालन जरूरतों को पूरा करने के बाद उसे हवाई परिचालक प्रमाणपत्र (एओसी) मिल गया है। एयरलाइन ने डीजीसीए की निगरानी में कई परीक्षण उड़ानों का सफलतापूर्वक संचालन किया है। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला समर्थित आकाश एयर को 21 जून को अपने पहले बोइंग 737 मैक्स विमान की डिलिवरी मिली है। आकाश एयर के संस्थापक-मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने कहा कि एओसी प्रक्रिया के दौरान रचनात्मक निर्देशन, सक्रिय समर्थन के लिए हम डीजीसीए के आभारी हैं। हमारा इरादा जुलाई के अंत तक अपनी वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करने का है। सरकार डिजिटलीकरण का नया दौर शुरू करने की तैयारी में है। आकाश एयर ने कहा कि इसी के तहत वह पहली एयरलाइन है जिसकी समूची एओसी प्रक्रिया को सरकार के प्रगतिशील ईजीसीए डिजिटल मंच के जरिये पूरा किया गया। आकाश एयर ने कहा कि वह दो विमानों के साथ अपना वाणिज्यिक परिचालन शुरू करेगी। हर महीने वह अपने बेड़े में नए विमान जोड़ेगी।

## नियमित और कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाले भत्तों पर नहीं लगेगा जीएसटी

### - केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने जारी किया सर्कुलर




**नई दिल्ली ।** नियमित और कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियोक्ता की ओर से मिलने वाले भत्तों और सुविधाओं पर जीएसटी नहीं देना होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इस बारे में सर्कुलर जारी कर दिया है। सीबीआईसी के अनुसार नियोक्ता की ओर से कर्मचारी को मिलने वाली सुविधाओं और भत्तों को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। ऐसे में मामलों में जुर्माना तभी लगाया जाएगा जब फर्जी इनवॉइस के जरिये बिना उत्पाद सप्लाई किए टैक्स चोरी की जाएगी। सीबीआईसी ने यह सर्कुलर पिछले दिनों जीएसटी परिषद की बैठक में हुए फैसलों के बाद जारी किया है। टैक्स एक्सपर्ट का कहना है सर्कुलर कर की मांग में कमी लाने में मददगार साबित होगा। साथ ही फर्जी इनवॉइस के मामलों में होने वाली गिरफ्तारियों पर भी अंकुश लगेगा। इसके अलावा अदालतों पर भी मामलों का बोझ कम होगा।

एक अन्य टैक्स एक्सपर्ट ने कहा कि सीबीआईसी के इस सर्कुलर ने उद्योग जगत की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा कर दिया है। उद्योग जगत का कहना था कि कर्मचारी को मिलने वाली सुविधाएं और भत्ते उनके और नियोक्ता के बीच हुए करार का ही हिस्सा हैं। लिहाजा इन पर जीएसटी नहीं लगाया जाना चाहिए। सीबीआईसी ने एक अन्य सर्कुलर में उद्योग जगत और कर अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि फर्जी इनवॉइस के मामले में डिमांड और पेनाल्टी लगाई जाएगी। टैक्स एक्सपर्ट ने कहा कि सप्लायर पर उत्पाद या सेवाओं की आपूर्ति के एवज में कोई जीएसटी नहीं लगाया जाएगा, लेकिन फर्जी इनवॉइस के मामले में पेनाल्टी जरूर लगेगी। अगर एक बार जीएसटी कानून के तहत प्राप्तकर्ता पर जुर्माना लगाया जा चुका है, तो दोबारा उसी अपराध के लिए जीएसटी नहीं लगाया जाएगा। इससे गिरफ्तारी के मामलों में कमी आएगी और टैक्स डिमांड की संख्या भी कम हो जाएगी।

## 12 जुलाई से गेहूं के निर्यात पर अंतर मंत्रालयी समिति की मंजूरी जरूरी



**नई दिल्ली ।**

सरकार ने मई में गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के बाद अब गेहूं के आटे, मैदा और सूजी के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इन जिंसों के निर्यातकों को अब 12 जुलाई से गेहूं के निर्यात पर अंतर-मंत्रालयी समिति की मंजूरी की जरूरत होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि गेहूं के आटे की निर्यात नीति मुक्त है लेकिन इसका निर्यात, गेहूं निर्यात मामले पर बनी अंतर-मंत्रालयी समिति की सिफारिश के अधीन होगा। नया अनुमोदन ढांचा गेहूं के आटे, मैदा, सूजी, साबुत आटे इत्यादि पर लागू होगा। अधिसूचना के अनुसार, गेहूं के आटे की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक तौर-तरीके अलग से अधिसूचित किए जाएंगे। इस अधिसूचना के तहत बदलाव की व्यवस्था के संबंध में विदेश व्यापार नीति के प्रावधान लागू नहीं होंगे। वर्ष 2021-22 में भारत ने 24 करोड़ 65.7 लाख डॉलर के गेहूं के आटे का निर्यात किया था। मई में भारत ने भीषण गर्मी से गेहूं उत्पादन प्रभावित होने की चिंताओं के बीच कीमतों में तेजी पर अंकुश के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# युवा खिलाड़ियों के आक्रामक रवैये से मिली जीत

## हार्दिक के आलराउंड प्रदर्शन से भारत ने इंग्लैंड को 50 रन से हराया

**साउथैंपटन (एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही टी20 मैच में शानदार बल्लेबाजी कर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की है। इस मैच में विराट कोहली, लोकेश राहुल और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे। इसके बाद भी टीम को जीत दर्ज करने में कोई परेशानी नहीं हुई। यह टीम के लिए एक सकारात्मक संकेत है। यह युवा खिलाड़ियों के आक्रामक रवैये और हर अवसर का उपयोग करने की मानसिकता जाहिर कर रहा है। टीम में लगातार नई प्रतिभाएं आ रही हैं। इसी कारण मैच में विकेट गिरने के बाद भी युवा खिलाडी निडर होकर खेलते रहे। यह टीम के अंदर आये बदलावों को दिखाता है।

पिछले साल यूएई में हुए विश्व कप के बाद भारत ने बीते 8 महीने में पांच टी20 सीरीज खेली है जिसमें अधिकतर में युवा खिलाड़ी ही थे।

केवल एक वेस्टइंडीज सीरीज ही ऐसी रही, जिसमें अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली एकसाथ खेले। इसके अलावा बाकी चारों सीरीज में यह दोनों साथ नहीं खेले। दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ पिछली दो सीरीज में यह दोनों ही बल्लेबाज टीम में नहीं थे। इसके बाद भी भारतीय टीम ने सभी मैच आसानी से जीते। दक्षिण अफ्रीका को भी भारतीय टीम ने ड्रॉ पर मजबूर किया। इन दोनों ही सीरीज में युवा बल्लेबाज दीपक हुडा ने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। यह टीम में आये बदलाव दिखाता है। इंग्लैंड के पहले अगर पहले टी20 में युवा बल्लेबाजों ने जरूरत के हिसाब से बल्लेबाजी की. खिलाड़ियों का जोर 135-140 के बजाए 180 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाने पर रहा. दीपक हुडा, सूर्यकुमार और हार्दिक पंड्या तीनों ने ही इसी अंदाज में बल्लेबाजी की। पहली ही गेंद से भारतीय बल्लेबाजों ने मेजबान गेंदबाजों पर हमला बोल दिया। हुडा ने जो पहली 3 गेंद खेली, उसमें से 2 पर छक्के मारे। वहीं सूर्यकुमार ने पहली गेंद पर चौका लगाकर दिखाया कि टीम किसी भी कीमत पर मेजबान गेंदबाजों के दबाव में नहीं आयेगी।



# मलेशिया मास्टर्स: ताई जू यिंग से हारकर पीवी सिंधु बाहर





**कुआलालंपुर (एजेंसी)।**

भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु शुक्रवार को चीनी तापेई की ताई जू यिंग से क्वार्टरफाइनल मुकाबला हारकर मलेशिया मास्टर्स से बाहर हो गईं। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता यिंग ने सिंधु को एक्सियाटा एरिना में 55 मिनट चले मुकाबला में 21-13, 12-21, 21-12 से मात दी। यह सिंधु की यिंग के खिलाफ लगातार सातवीं हार है। दोनों अब तक 22 बार आमने-सामने आए हैं जिसमें सिंधु को 17 बार हार का सामना करना पड़ा है।

पहले गेम में सिंधु को ताई जू का डिफेंस तोड़ने में परेशानी का सामना करना पड़ा और हाफ टाइम तक वह 9-11 से पीछे चल रही थीं। बैकहैंड शॉट का उचित प्रयोग करते हुए चीनी तापेई खिलाड़ी ने पहला गेम 21-13 से जीतकर मैच में 1-0 की लीड हासिल की। सिंधु ने दूसरे गेम में बेहतरीन फुटवर्क दिखाते हुए 11-4 की बढ़त हासिल कर ली। यिंग ने मैच में वापसी करने का प्रयास किया लेकिन शुरुआती बढ़त की बदौलत सिंधु ने दूसरा गेम 21-12 से जीत लिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर हुई।

सिंधु ने शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद अपनी लय खो दी और एक साथ कई पॉइंट गंवा दिए। यिंग ने इसका फायदा उठाते हुए तेजी के साथ तीसरा गेम 21-12 से जीतकर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे पहले सिंधु टोक्यो ओलंपिक सेमीफाइनल में भी यिंग से हार चुकी हैं। हाल ही में मलेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी उन्हें यिंग के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

# विम्बलडन: क्रॉक्जकि-स्कूपस्की ने लगातार दूसरी बार जीता मिश्रित युगल खिताब



**लंदन (एजेंसी)।**

अमरीका की डेसिरै क्रॉक्जकि और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन और सैम स्टोसुर को हराकर लगातार दूसरी बार विम्बलडन का मिश्रित युगल खिताब अपने नाम किया। क्रॉक्जकि-स्कूपस्की की जोड़ी ने गुरुवार को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई युगल को 6-4, 6-3 के सीधे सेटों में मात दी। इससे पहले यह जोड़ी विम्बलडन 2021 का मिश्रित युगल खिताब भी जीत चुकी है। अपने घर के ग्रैंड स्लैम में अपने माता-पिता के सामने खेलने को लेकर उत्सुक स्कूपस्की ने मैच के बाद बताया कि यह जोड़ी टूर्नामेंट शुरू होने से कुछ समय पहले तक मिश्रित युगल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पर विचार नहीं कर रही थी।

स्कूपस्की ने कहा, 'मुझे डेस ने आखिरी मिनट में खेलने के लिए बुलाया। हम खेलने वाले नहीं थे, इसलिए हम केवल दो सप्ताह के लिए एक टीम के रूप में रहे हैं। अगर वह मेरे साथ खेलती हैं तो हम अगले साल तीसरे खिताब के लिए प्रयास करेंगे।' 1996-97 में चेक भाई-बहन सिरिल सुक और हेलेना सुकोवा के बाद क्रॉक्जकि-स्कूपस्की दो विम्बलडन मिश्रित युगल जीतने वाली पहली टीम है। चैंपियनशिप में मिश्रित युगल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले अंतिम ब्रिटिश व्यक्ति जॉन लॉयड (1983-84) थे, जबकि ऐसा करने वाली अंतिम अमरीकी महिला बिली जीन किंग (1973-74) थीं। क्रॉक्जकि ने 2021 में तीन ग्रैंड स्लैम मिश्रित युगल खिताब जीते हैं, जिसमें विम्बलडन के अलावा रोलां गैरो और यूएस ओपन शामिल हैं।

# बीच में मैं दबाव के कारण खेल का आनंद नहीं ले रही थी: हरमनप्रीत कौर

**कोलंबो (एजेंसी)।**

भारत की वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने वर्तमान में अपने अच्छे फॉर्म का श्रेय 'खुद के साथ की हुई बातचीत' को दिया हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अब वह मैदान पर खेल का आनंद लेने लगी हैं। उन्हें इस बात की खुशी हैं कि अब उनके पास कभी भी गेंदबाजी करने की 'आजादी' है जो पहले टीम की रणनीति और गेम प्लान के तहत संभव नहीं था।

श्रीलंका के विरुद्ध 2-1 से जीती टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद हरमनप्रीत ने तीन वनडे मैचों में कुल 119 रन बनाए। इसमें तीसरे मैच में 88 गेंदों पर 75 रनों की मैच जिताऊ पारी शामिल थी जिससे भारत ने बतौर पूर्णकालिक कप्तान




उनके कार्यकाल की पहली वनडे सीरीज को क्लीन स्वीप किया। टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज की तरह वनडे सीरीज में भी कप्तान प्लेयर ऑफ द सीरीज चुनी गई। यह स्वीकार करते हुए कि पिछले कुछ समय से वह खेल का आनंद नहीं ले रही थी, हरमनप्रीत ने बताया कि वह प्रसन्न हैं कि इस दौरे पर उनकी सभी योजनाएं सफल हुईं। हरमनप्रीत ने कहा, 'मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैं हर एक पल का आनंद लूं। बीच में मैं आनंद नहीं ले रही थी क्योंकि मैंने बहुत दबाव बना लिया था जो किसी के साथ हो सकता है। मैं उस दौर से गुज़र रही थी लेकिन अब मैंने मजे करने का प्लान बनाया है। मैच की स्थिति जो भी हो, मैं क्रीज पर खड़े रहकर टीम को योगदान दूंगी। पिछले कुछ महीनों में मैं यही करने की कोशिश कर रही हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'साथ ही टीम के खेलने के अंदाज के देखकर मुझे और प्रसन्नता हो रही हैं। मैं हमारे तेज गेंदबाजों को मौके देना चाहती थी और मुझे खुशी है कि उन्होंने दोनों हाथों से इन मौकों को स्वीकार किया। शुरुआती ओवरों में हम हमेशा स्पिनरों पर निर्भर करते थे लेकिन उन्होंने जिम्मेदारी ली और नतीजे आपके सामने है। जब योजनाएं सफल होती हैं, बहुत आनंद आता है। शायद यही कारण था कि मैं खुश थी क्योंकि सब कुछ हमारी योजनाओं के अनुसार चल रहा था।'

# दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेटर लिजेल ने संन्यास लिया

**केप टाउन (एजेंसी)।**

दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेटर लिजेल ली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। ली हालांकि अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग में खेलती रहेंगी। 30 साल की ली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत साल 2013 में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रंखला से की थी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की ओर से दो टेस्ट, 100 एकदिवसीय और 82 टी20 मैच खेले हैं। वहीं एकदिवसीय मैचों में वह 3,315 रन बनाकर वह दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने नौ साल के करियर के दौरान तीन शतक और 23 अर्धशतक लगाये हैं। टी20 मैचों में उन्होंने एक शतक और 13 अर्धशतकों के साथ ही 1,896 रन बनाये हैं। वह टी20 छोटे प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला खिलाड़ी हैं।





# नडाल विम्बलडन सेमीफाइनल से हटे

**विम्बलडन ।** स्पेन के नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले से हटे गये हैं। नडाल को सेमीफाइनल में निक किर्गियोस का सामना करना था। नडाल ने दर्द के बाद भी क्वार्टरफाइनल मुकाबला जीता था। नडाल ने ऑल इंग्लैंड ने कहा कि दुर्भाग्य से मुझे सेमीफाइनल से हटना पड़ रहा है। नडाल के मुकाबले से हटने के बाद किर्गियोस ने पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। यहां उनका सामना सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच और कैमरन नोरी के बीच होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले के विजेता से होगा। नडाल पिछले एक हफ्ते से पेट की मांसपेशियों में दर्द से पीड़ित थे। वहीं दूसरी ओर कजाकिस्तान की एलीना रायबेकीना ने महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में रोमानिया की शिमोना हालेप को सीधे सेट में 6-3, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया वहीं दूसरे सेमीफाइनल में ट्यूनीशिया की ओंस जबाउर ने ततयाना मारिया को 6-2, 3-6, 6-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी।

# रोहित लगातार 13 टी20 मैच जीतने वाले विश्व के पहले कप्तान बने

**लंदन ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले ही मैच में जीत के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। रोहित अब इस प्रारुप में कप्तान के तौरा पर लगातार 13 मैच जीतने वाले विश्व के पहले कप्तान बन गये हैं। कप्तान के तौर पर इससे पहले रोमानिया के रमेश सतीशन और अफगानिस्तान के असगर अफगान ने लगातार 12-12 मैच जीते थे। पहले टी20 में जीत के साथ ही भारतीय टीम अब इस सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। इससे पहले कोरोना संक्रमण के कारण रोहित एजबेस्टन टेस्ट मैच में नहीं खेल पाये थे। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम द्वारा लागातार 13 मैच जीतने का विश्व रिकॉर्ड हासिल करने के बाद सोशल मीडिया पर भी प्रशंसक काफी उत्साहित नजर आये। उनकी इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया पर कई मीम्स भी बने हैं। गौरतलब है कि रोहित को सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम का कप्तान बनने के बाद से अभी तक एक भी बार हार का सामना नहीं करना पड़ा है। इस मैच में भारतीय टीम की जीत में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की अहम भूमिका रही। हार्दिक ने प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का चुना गया।




# रोहित, विराट और ऋषभ वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए किये जा सकते हैं शामिल

**मुबई (एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और विकेटकीपर ऋषभ पंत भी वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में खेल सकते हैं। अभी तक इस सीरीज के लिए खिलाड़ियों के नामों की घोषणा नहीं हुई है। टीम इंडिया 22 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। एकदिवसीय सीरीज में रोहित सहित अधिकतर अनुभवी खिलाड़ियों को आराम देते हुए शिखर धवन को कप्तानी सौंपी गयी है। वहीं माना जा रहा है कि आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा।




भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का मानना है कि इससे रोहित, विराट और ऋषभ जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। विराट अभी तक अपना फार्म हासिल नहीं कर पाये हैं और इस सीरीज में उनके पास इसे हासिल करने का अंतिम अवसर रहेगा। विराट , रोहित और ऋषभ को सहित वरिष्ठ खिलाड़ियों का वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय के लिए आराम दिया गया है। ऐसे में इन खिलाड़ियों के पास पहले ही तरोताजा होने का पर्याप्त समय रहेगा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी धवन करेंगे जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी रविन्द्र जडेजा को दी गयी है। इस टीम में रुतुराज गायकवाड़, दीपक हुड्डा, ईशान किशन सहित , प्रसिद्ध कृष्णा सहित कई युवा खिलाड़ियों को अवसर दिया गया है।

# पूरन की अर्धशतकीय पारी से वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 में बांग्लादेश को हराया

**जॉर्जटाउन (एजेंसी)।**

कप्तान निकोलस पूरन की अर्धशतकीय पारी से वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 क्रिकेट मैच में भी बांग्लादेश को हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। इस मैच में टॉस जीत कर बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 163 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को वेस्टइंडीज ने 5 विकेट पर 169 रन बनाकर ही हासिल कर लिया। बांग्लादेश की ओर से लिटन दास और अफीफ हुसैन ने ओडियन स्मिथ के एक ही ओवर में 20 रन निकालकर टीम को अच्छी शुरूआत दिलायी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई। लिटन 41 गेंद में 49 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद महमूदुल्लाह भी 22 रन बनाकर आउट हो गये। अफीफ ने 38 गेंद में 50 रन बनाये। बाकि बल्लेबाजी सस्ते में ही आउट हो गये और बांग्लादेश की पूरी टीम 163 रनों पर सिमट गयी। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स ने 38 गेंदों में 55 रन बनाए। इन दोनों ने 8.3 ओवर में 85 रन रनों की साझेदारी बनायी। सलामी जोड़ी के आउट होने के बाद भी पूरन का आक्रामक अंदाज जारी रहा। उन्होंने 18वें ओवर में अफीफ पर छक्का लगाकर अपना नौवां टी-20 अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद महमूदुल्लाह पर छक्का अपनी टीम को जीत दिलायी।

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम फैरो आइलैंड से 2-4 से हारी




**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम को गुरूवार को नार्वे के स्ट्रोमेन में फैरो आइलैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें नियमित समय में गोल नहीं कर सकीं जिससे मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। भारत ने शुरू में 2 कॉर्नर हासिल किए लेकिन शैलजा का क्रॉस प्रतिद्वंद्वी टीम के डिफेंस ने रोक दिया। भारतीय टीम का यूरोप का यह दौरा आगामी अंडर-17 विश्व कप की तैयारियों का हिस्सा है जिसकी मेजबानी भारत करेगा। 30 मिनट से ज्यादा का समय हो चुका था और भारत को एक फ्री किक मिली जिस पर डिफेंडर नाकेटा ने शॉट लगाया लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम की गोलकीपर ने आसानी से इसे लपक लिया। कुछ मिनट बाद लिंडा कोम सर्टो ने जगह बनाने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहीं। नीतू लिंडा ने रिबाउंड पर शॉट लगाया लेकिन यह सीधा गोलकीपर के पास गया। कोच थॉमस डेनेरबी ने हाफ टाइम के ब्रेक के बाद कुछ बदलाव किए। काजोल डिसूजा और रेजिया देवी ने नेहा और शैलजा की जगह ली। दोनों टीमों की ओर से प्रयास होते रहे और फिर रैफरी ने 4 मिनट का इंजुरी समय जोड़ा। फिर पेनल्टी शूटआऊट में फैरो आइलैंड ने जीत दर्ज की। इसमें नीतू लिंडा और अनीता कुमारी ने भारत के लिए गोल किए जबकि वर्षिका और काजोल डिसूजा को प्रयास विफल रहे।

# एफआईएच महिला विश्व कप : न्यूजीलैड से हारा भारत, क्रॉसओवर में स्पेन से खेलेगा

**एसटेलवीन (एजेंसी)।**

भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच महिला विश्व कप पूल बी के अपने अंतिम मैच में मौके गंवाने का खामियाजा न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार को यहां 3-4 की हार के साथ भुगतना पड़ा लेकिन इसके बावजूद अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहते हुए टीम क्रॉसओवर में जगह बनाने में सफल रही। न्यूजीलैंड की टीम सात अंक के साथ पूल बी में शीर्ष पर रही। इंग्लैंड की टीम ने चार अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। भारत और चीन दोनों के दो-दो अंक रहे।

भारत ने हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण क्रॉसओवर के लिए क्वालीफाई किया। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार चार पूल में शीर्ष पर रहने वाली चार टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम क्रॉसओवर खेलेंगी। क्रॉसओवर मुकाबलों की विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। भारत का सामना पूल सी में दूसरे स्थान पर रही सह मेजबान स्पेन से रविवार को होगा। सह मेजबान नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, अर्जेंटीना और आस्ट्रेलिया पूल में शीर्ष पर रहकर क्वार्टर फाइनल में सीधे पहुंच गए हैं।

भारत ने अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ मौके नहीं गंवाए होते तो टीम जीत दर्ज कर सकती थी। भारतीय टीम 15 पेनल्टी कॉर्नर में से सिर्फ एक पर ही गोल कर सकी। भारत अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए रविवार को स्पेन के टेरेसा में होने वाले क्रॉसओवर में पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा। भारत के लिए गुरुवार को वंदना कटारिया (चौथे मिनट), लालरेमसियामी (44वें मिनट) और गुरजीत कौर (59वें मिनट) ने गोल दागे जबकि न्यूजीलैंड की ओर से ओलीविया मैरी (12वें और 54वें मिनट) ने दो जबकि टेसा योप (29वें मिनट) और फ्रांसिस डेविस (32वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।

भारत की शुरूआत अच्छी रही और गेंद पर नियंत्रण भी खिलाड़ियों ने बनाए रखा। चौथे मिनट में लालरेम्सियामी के पुश पर वंदना ने डाइव लगाकर गोल करके भारत को बढत दिला दी। दसवें मिनट में शर्मिला देवी के पास बढत दुगुनी करने का मौका था लेकिन वह चूक गई हालांकि भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाने में कामयाब रही। गुरजीत की दमदार फ्लिक को न्यूजीलैंड की गोलकीपर ब्रूक रॉबटर्स ने बचा लिया। न्यूजीलैंड को 12वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे ओलिविया मेरी ने गोल में बदला।

दूसरे क्वार्टर के तीन मिनट बाद लालरेम्सियामी के शॉट को कीवी गोलकीपर ने बचा लिया। वहीं पेनल्टी कॉर्नर पर दीप ग्रेस इक्का का शॉट बाहर चला गया। हाफ टाइम से एक मिनट पहले भारत को डिफेंस में ढिलाई का खामियाजा भुगतना पड़ा और न्यूजीलैंड के लिये योप ने गोल




कर दिया। दूसरे हाफ में न्यूजीलैंड ने आक्रामक शुरूआत की और लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर बनाये जिनमें से एक को डेविस ने गोल में बदला । लालरेम्सियामी ने भारत के लिये 44वें मिनट में गोल किया।

आखिरी क्वार्टर में भारत को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। न्यूजीलैंड के लिये इस बीच मैरी ने एक और गोल करके बढ़त दुगुनी कर दी। गुरजीत ने आखिरी सीटी बजने से एक मिनट पहले भारत के 13वें पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर अंतर कम किया। भारत को आखिरी मिनट में भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जो बेकार गए।

# भारत के गुकेश नें जीता सिटी ऑफ गेहोन शतरंज का खिताब

**बार्सिलोना , स्पेन।** भारत के 16 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें स्पेन में सिटी ऑफ गेहोन टूर्नामेंट का खिताब एक राउंड बाकी रहते ही अपने नाम कर लिया है और इसके साथ ही गुकेश शतरंज के बेहद अहम पड़ाव माने जाने वाले 2700 अंको को छूने से सिर्फ 4 अंक पीछे रह गए है । 10 खिलाड़ियों के बीच चल रहे राउंड रॉबिन मुकाबलों में गुकेश नें कुल 8 राउंड में से ही सात मुकाबले जीतकर और एक ड्रॉ खेलते हुए खिताब अपने नाम कर लिया ,गुकेश नें प्रतियोगिता के सातवे राउंड में प्रतियोगिता के दूसरे वरीय परागुए के ग्रांड मास्टर डेलगाडो नेऊरिस को पराजित किया , सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए गुकेश नें बोगो इंडियन ओपनिंग में अपने सधे हुए मुक़ाबले में डेलगाडो को सिर्फ 35 चालों में हारा दिया और इसके बाद आठवे राउंड में स्पेन के इंटरनेशनल मास्टर फुएंटे टेजेडोर को मात देते हुए अपने नजदीकी प्रतिद्वंदी ब्राज़ील के अलेक्ज़ेंडर फेयर से 1.5 अंक की बढ़त बना ली और इससे यह साफ हो गया की एक राउंड पहले ही उनका खिताब जीतना अब तय हो गया है ।





# गॉडफादर से सामने आया चिरंजीवी का पहला लुक

**साउथ** इंडस्ट्री की अपकमिंग फिल्म 'गॉडफादर' रिलीज से पहले ही सुर्खियों में बनी हुई है। सुपरस्टार चिरंजीवी स्टारर यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म की चर्चाएं और फैंस के बीच इसका क्रेज खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म दक्षिण भारतीय दर्शकों के साथ-साथ हिंदी बेल्ट के लोगों के लिए भी बहुत खास होने वाली है। क्योंकि इस फिल्म से बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान साउथ इंडस्ट्री में कदम रखने जा रहे हैं, जिस वजह से फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। अब इस फिल्म को लेकर एक ऐसी जानकारी सामने आई है, जो फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा देगी। दरअसल, मेकर्स ने इस फिल्म से चिरंजीवी का पहला लुक जारी कर दिया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। चिरंजीवी के बेटे राम चरण ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर फिल्म से उनका पहला पोस्टर साझा किया है। पोस्ट को साझा करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'गॉडफादर आ गया है।' जारी किए गए पोस्ट में चिरंजीवी का कभी न देखा अंदाज देखने को मिल रहा है। इस फर्स्ट लुक में चिरंजीवी काली पैंट ग्रे कुर्ता और काले चश्मे पहने एक कुर्सी पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। मोहन राजा द्वारा निर्देशित यह फिल्म मेगास्टार चिरंजीवी की 153वीं फिल्म है। इस प्रोजेक्ट से बॉलीवुड एक्टर सलमान खान टॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं, साथ ही नयनतारा भी फिल्म में एक अहम भूमिका में नजर आएंगी।





# अपना मंदिर बनवाना चाहते हैं केआरके

**मोस्ट** कंट्रोवर्शियल क्रिटिक केआरके खुद को लाइमलाइट में रखने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वह अक्सर अपने ट्वीट्स के जरिए बॉलीवुड और सेलिब्रिटीज पर जमकर निशाना साधते रहते हैं। कभी अक्षय कुमार तो कभी रणवीर सिंह वह अक्सर सभी की फिल्मों को लेकर उनपर खूब कटाक्ष करते हैं। कुछ दिन पहले भी केआरके ने अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन को लेकर कमेंट किया था। हालांकि इस फिल्म के ट्रेलर की उन्होंने तारीफ की थी। इस बार फिर उन्होंने बॉलीवुड पर निशाना साधा है। केआरके यानि कमाल आर खान ने ट्वीट करके कहा है कि दोस्तों अगर मैं बॉलीवुड को बंद कराने में कामयाब हो गया तो, आप लोग मेरा मंदिर बनवाओगे न? इसके बाद उन्होंने फनी फेस वाले इमोजी शेयर किए हैं। उनके इस ट्वीट पर लोग खूब कमेंट और रिट्वीट कर रहे हैं। एक शख्स ने इस ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा- बंद करवाना कोई विकल्प नहीं होता...तुम्हारी पहचान भी इसी से है....इसलिए कोशिश करो कि बॉलीवुड बेहतर बने, अच्छी कहानियां कही जाएं...किसी की मोनोपोली न चले और टैलेंट की कद्र हो।

# साउथ अभिनेता चियान विक्रम को पड़ा दिल का दौरा


**तमिल** अभिनेता चियान विक्रम को चेन्नई के कावेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विक्रम के प्रवक्ता ने कहा कि अभिनेता का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। चियान विक्रम मणिरत्नम की पीरियड ड्रामा में लीड रोल प्ले कर रहे हैं ऐसे में वहा फिल्म क्ष्ठ्ठद्ध4द्वद्ब स्द्गद्य1ड्ढ 1 के पोस्टर लॉन्च में शामिल होने वाले थे लेकिन तबियत खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इंडिया टूडे पर छपी खबर के अनुसार कहा जा रहा है कि एक्टर को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। 7 जुलाई को उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी। अस्पताल ने अभी तक उनके स्वास्थ्य के बारे में कोई अपडेट साझा नहीं किया है। अस्पताल के सूत्रों ने पुष्टि की कि अभिनेता स्थिर है। महाकाव्य नाटक Ponniyin Selvan 1 में मुख्य भूमिकाओं में से चियान विक्रम ने एक भूमिका निभाई है, जिसे मणिरत्नम द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। ऐसा लगता है कि कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। विक्रम को आखिरी बार फिल्म 'महान' में देखा गया था, जो इस साल की शुरुआत में अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज़ हुई थी। अभिनेता ने कार्तिक सुब्बाराज के निर्देशन में अपने बेटे ध्रुव विक्रम के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया।





# उर्फी जावेद की ड्रेसिंग स्टाइल के दीवाने हैं रणवीर सिंह

**करण जौहर** के पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण' का 7वां सीजन शुरू हो गया है। इस सीजन के पहले एपिसोड में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट गेस्ट बनकर पहुंचे। इस दौरान रणवीर सिंह ने अपने बेडरूम सीक्रेट्स से लेकर वार्डरोब तक पर बात की। इस दौरान रणवीर ने बताया कि वह उर्फी जावेद के फैशन के दिवाने हैं। जब शो के रैपिड फायर सेगमेंट में करण ने रणवीर सिंह से पूछा कि 'एक ड्रेस को जल्दी दोहराना किसका बुरा सपना होगा?' इस पर रणवीर सिंह ने उर्फी जावेद का नाम लिया। रणवीर ने कहा, 'उर्फी एक फैशन आइकॉन हैं।' उर्फी जावेद अपने यूनिक ड्रेसिंग स्टाइल को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। इसके लिए वह कई बार सोशल मीडिया पर ट्रोल भी होती हैं लेकिन उन्हें इस बात से फर्क नहीं पड़ता है। उर्फी अपनी ज्यादातर ड्रेस खुद ही डिजाइन करती हैं। वह 'सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली एशियन' की लिस्ट में भी शामिल हो चुकी हैं।



# डॉक्यूमेंट्री के पोस्टर में देवी की फोटो पर विवाद




**फिल्ममेकर** लीना मणिमेकलाई ने अपनी डॉक्यूमेंट्री 'काली' का पोस्टर रिलीज किया है, जिसमें मां काली बनी अभिनेत्री को सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है। पोस्टर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा भड़क गया है। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने मेकर्स पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है और उन्हें अरेस्ट करने की डिमांड भी की जा रही है। अब इस विवाद पर लीना मणिमेकलाई का रिएक्शन भी सामने आया है। वहीं इस मामले पर तृणमूल कांग्रेस की एमपी और एक्ट्रेस नुसरत जहां ने भी बयान दिया है। लीना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लिखा, 'मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। मैं हमेशा उन लोगों के साथ आवाज उठाऊंगी, जो निडर होकर बोलते हैं। अगर इसकी कीमत मेरी जिंदगी है, तो मैं वह भी दे दूंगी।फ्र लीना ने बताया था कि उनकी यह फिल्म टोरंटो के आगा खान म्यूजियम में हुए कार्यक्रम 'रिदम ऑफ कनाडा' का एक पार्ट थी। जब लीना को काफी आलोचना झेलनी पड़ी तो उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट प्राइवेट कर लिया और कमेंट्स रिस्ट्रिक्ट कर दिए।


## 'एक विलेन रिटर्न्स' का पहला गाना रिलीज

**बॉलीवुड** की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'एक विलेन रिटर्न्स' इस महीने 29 जुलाई को आखिरकार सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है। पिछली फिल्म की कहानी और इसकी स्टार कास्ट की दमदार अदाकारी से प्रभावित हुए दर्शक पिछले आठ साल से पर्दे पर इसकी वापसी का इंतजार कर रहे थे। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के ट्रेलर को लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके बाद इसके फैंस को उम्मीद थी कि इसके पहले पार्ट का गाना 'गलियां' भी उन्हें जल्द ही सुनाई देगा। मेकर्स ने फैंस की इच्छा पूरी करते हुए आज फिल्म का पहला गाना 'गलियां रिटर्न्स' रिलीज कर दिया है। ट्रेलर की तरह ही लोग फिल्म के गाने को भी खूब पसंद कर रहे हैं, जिसके चलते गाना सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।




# सारा अली खान को डेट कर रहे थे कार्तिक आर्यन -करण जौहर ने किया कंफर्म

**करण जौहर** का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण 7' रिलीज होते ही छा गया है। शो के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह गेस्ट बनकर पहुंचे। इस दौरान दोनों ने कई खुलासे किए। इतना ही नहीं करण जौहर ने भी कई राज से पर्दा उठाया है। हाल ही में करण जौहर ने इस बात का खुलासा किया कि एक समय कार्तिक आर्यन और सारा अली खान एक दूसरे को डेट कर रहे थे। हालांकि दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को एक्सेप्ट नहीं किया था। 'इंडिया टुडे' से बात करते हुए करण ने अपने काउच के जादू पर चर्चा की। करण जौहर ने कहा, मैं इस सोफे को अभिव्यक्ति का सोफा कहता हूं। इस सोफे पर कैटरीना कैफ ने कहा था कि, वह विक्की कौशल के साथ अच्छी लगेगीं और उन्होंने शादी कर ली। सारा अली खान ने कार्तिक आर्यन का जिक्र किया और उन्होंने डेटिंग शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा, आलिया भट्ट ने सीजन दर सीजन रणबीर कपूर का जिक्र किया है और आज वह उनसे शादी कर चुकी हैं। अब उनका खूबसूरत बच्चा होने वाला है, तो यह शानदार है कि, इस सोफे ने वास्तव में इतने सारे रिश्तों को बनाया है। बता दें कि सारा अली खान और कार्तिक आर्यन के अफेयर की चर्चा तब शुरू हुई थी, जब सारा ने 'कॉफी विद करण' के पिछले सीजन में कहा था कि, वह कार्तिक आर्यन को डेट करना चाहती हैं। इसके बाद दोनों साथ में फिल्म 'लव आज कल' में नजर आए थे। हालांकि कुछ दिनों बाद ही दोनों के ब्रेकअप की खबर सामने आई थी।



Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## अंतिम पड़ाव में पहुंची हज यात्रा, कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे लोग

माउंट अराफात (सऊदी अरब)। वार्षिक हज यात्रा शुक्रवार को अपने अंतिम पड़ाव पहुंच गई, जब दुनियाभर के लाखों मुसलमानों ने सऊदी अरब के पवित्र पर्वत माउंट अराफात पर इबादत की। माना जाता है कि माउंट अराफात पर ही पैगंबर मोहम्मद ने अपना आखिरी खुतबा (उपदेश) देते हुए मुसलमानों के बीच समानता व एकता का आह्वान किया था। ऐसे में शुक्रवार को हज यात्रियों ने कंधे से कंधा मिलाकर एक-दूसरे के साथ इबादत करते हुए अपने गुनाहों से मुक्ति मांगी। इस दौरान कई हज यात्रियों की आंखें नम भी हो गईं। मुसलमानों का मानना है कि आज के दिन मक्का शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित माउंट अराफात पर इबादत करने से गुनाहों से मुक्ति मिलती है और खुदा राजी होता है। शुक्रवार को सूरज निकलने से पहले ही हज यात्री माउंट अराफात के लिए रवाना होने लगे। वे इबादत पूरी करने के बाद रात तक वापस लौटने लगेंगे। शारीरिक और आर्थिक रूप से सक्षम मुसलमानों से जीवन में कम से कम एक बार हज यात्रा करने के लिए कहा जाता है। इस दौरान वे उन जगहों की यात्रा करते हैं, जहां माना जाता है कि लगभग 1,400 वर्ष पहले पैंगबर मोहम्मद ने अपना जीवन बिताया था। हज यात्रा में इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल काबा के आसपास इबादत करना शामिल है। बृहस्पतिवार को मस्जिद हरम के आंगन में हजारों हज यात्रियों ने काबा के आसपास तवाफ (परिक्रमा) किया। हालांकि, इस बार हज के दौरान पिछले दो साल की तुलना में अलग नजारा देखने को मिला है। कोविड-19 के चलते जहां साल 2020 और 2021 में हज यात्री पाबंदियों का कड़ाई से पालन करते दिखे थे, वहीं इस बार उतनी सख्ती नहीं नजर आई। कई जायरीन बिना मास्क के यात्रा करते दिखे। साथ ही सामाजिक दूरी का पालन भी इस बार बहुत कम नजर आया। साल 2022 में केवल उन विदेशी और घरेलू जायरीनों को हज यात्रा की अनुमति दी गई थी, जिनका पूर्ण टीकाकरण हो चुका था, जिनमें कोरोना वायरस संक्रमण से जुड़े कोई लक्षण नहीं थे और जिनकी उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच थी। अधिकारियों के अनुसार, इस साल 85 प्रतिशत हज यात्री विदेशी थे। उन्होंने बताया कि 2022 में दस लाख से अधिक विदेशी और घरेलू जायरीनों ने हज यात्रा की। हालांकि, यह संख्या कोविड-19 से पहले की तुलना में काफी कम है, जब हर साल औसतन 25 लाख से अधिक लोग हज यात्रा करते थे। साल 2020 में जब कोविड-19 का प्रकोप चरम पर था, तब केवल 1,000 सऊदी निवासियों को ही हज यात्रा की अनुमति मिली थी।

## फलस्तीन के राष्ट्रपति और इजराइली के रक्षा मंत्री ने वेस्ट बैंक में मुलाकात की

रामल्ला (वेस्ट बैंक)।फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास और इजराइल के रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज ने अगले सप्ताह क्षेत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा समन्वय पर चर्चा करने के लिए वेस्ट बैंक में बृहस्पतिवार को मुलाकात की। एक दशक से अधिक समय पहले शांति प्रक्रिया रुकने के बाद से इजराइली और फलस्तीनी नेताओं के बीच उच्च स्तरीय बैठकें विरले होती हैं। इजराइल ने एक बयान में कहा कि रामल्ला में बैठक ''सकारात्मक माहौल'' में की गयी। रामल्ला में फलस्तीनी प्राधिकरण का मुख्यालय स्थित है। उसने कहा कि दोनों पक्ष ''सुरक्षा समन्वय जारी रखने और अस्थिरता पैदा करने वाली गतिविधियों से बचने'' पर राजी हुए हैं। बयान में कहा गया है कि गैंट्ज ने अब्बास और फलस्तीनी लोगों को ईद-उल-अज़हा की शुभकामनाएं दीं। अब्बास के एक वरिष्ठ सहायक हुसैन अल-शेख ने ट्वीट किया, ''अब्बास ने राजनीतिक क्षितिज बनाने, हस्ताक्षरित समझौतों का सम्मान करने और ऐसे कार्यों तथा गतिविधियों को बंद करने पर जोर दिया, जिससे स्थिति बिगड़ती है।'' अब्बास ने राष्ट्रपति बाइडन की यात्रा से पहले शांतिपूर्ण माहौल की महत्ता पर भी जोर दिया। गौरतलब है कि बाइडन के अगले सप्ताह इजइराल और फलस्तीन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करने की उम्मीद है।

## टिवटर ने कहा, हर दिन 10 लाख स्पैम अकाउंट हटा रहा, मस्क की टीम का दावा स्पैम खातों पर अपने आंकड़ों को वेरीफाई नहीं कर सका

वाशिंगटन । ट्विटर और एलन मस्क के बीच हुई बिजनेस डील ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। एक बार फिर बिजनेस डील सुर्खियों में है। दरअसल मस्क लगातार ट्विटर पर बॉट अकाउंट (फेक अकाउंट) शेयर कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया के शेयरों में लगभग 4 प्रतिशत की गिरावट दिखाई दी है, जिससे 44 बिलियन डॉलर की डील की संभावनाओं के बारे में अनिश्चितता पैदा कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक मस्क की टीम ने कहा कि ट्विटर स्पैम खातों पर अपने आंकड़ों को वेरीफाई नहीं कर सका है। इसके बाद सौदा खतरे में पड़ गया है। फिलहाल डील पर चर्चा 'बंद' हो गई है। मामले से जुड़े लोगों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ला प्रमुख द्वारा दखल ने बिजनेस डील को गंभीर खतरे में डाल दिया है। वहीं अन्य रिपोर्ट के बाद डील को लेकर मार्केट में फिर हलचल पैदा हो गई है, जिसके बाद ट्विटर के प्रवक्ता ने सफाई देकर कहा कि ट्विटर ने डील के समझौते की शर्तों के अनुसार लेन-देन को पूरा करने के लिए मस्क के साथ जानकारी साझा करना जारी रखा है और जारी रखेगा। उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि यह समझौता सभी शेयरधारकों के हित में है। हम डील को बंद करने और सहमत मूल्य और शर्तों पर विलय समझौते को लागू करने का इरादा रखते हैं। गौरतलब है कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क के बयानों से इस साल की शुरुआत से ही ट्विटर के शेयर की कीमतों में गिरावट आई है। वहीं इंटरनल डाटा एक्सेस दिए जाने के बावजूद भी मस्क की टीम माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर बॉट अकाउन्ट का सटीक आंकड़ा नहीं दे सकी है। डील पर अनिश्चितता की अटकलों के बीच ट्विटर ने कहा है कि वह रोजाना 10 लाख स्पैम अकाउंट हटा रहा है।

## इटली के पोम्पई और नेपल में महिलाएं नहीं पहन सकती बिकनी, उल्लंघन पर देना होगा 40 हजार का जुर्माना

रोम । पर्यटक स्थलों पर सैलानी उन्मुक्त होकर मन पसंद के कपड़े पहन मौज करने के मूड़ में होते हैं। लेकिन इटली में टूरिस्ट प्लेस पर महिलाओं के बिकिनी पहनने पर रोक लगा दी गई है। अगर किसी ने ऐसा किया तो उस पर तगड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। जानकारी के लिए बता दें जुर्माने के तौर पर उस व्यक्ति को 40 हजार से अधिक भरने पड़ सकते हैं। मामला इटली के तटीय इलाके पोम्पई और नेपल का है। यह आदेश यहां के मेयर ने पारित किया है। उनका यह मानना है कि अगर कोई सड़कों पर 'अंग प्रदर्शन' करते हुए नजर आया तो उसपर एक्शन लिया जाएगा। दरअसल, स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि यहां इस तरह के कपड़े पहन कर ना आए। वहां के समुद्र तट के किनारे बसे लोगों का कहना था कि यह लोग कम कपड़े पहनकर 'अशोभनीय व्यवहार' करते हैं। जिसके चलते फिर यहां के लोग असहज महसूस करते हैं। इसी को देखते हुए यहां के मेयर ने चेतावनी दी कि अगर कोई 'कम कपड़ों' में 'अशोभनीय व्यवहार' करते पाया जाएगा तो उसपर 425 पाउंड (40 हजार रुपये से अधिक) का जुर्माना लिया जाएगा। मेयर ने कहा कि स्थानीय लोगों को डर है कि सैलानियों की हरकत तटीय शहर की 'प्रतिष्ठा' और 'जीवन की गुणवत्ता' को बर्बाद कर रही है। ऐसे में नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधिकारी सड़कों और कोस्टल एरिया में गश्त करेंगे। जो लोग शर्टलेस या स्विमवियर में पाए जाएंगे उन पर फाइन लगाया जाएगा।

## संरा ने सीरिया को मदद पहुंचाने को लेकर गतिरोध के बीच बैठक बुलाई

जिनेवा । संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनओ) ने तुर्की से सीरिया के विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर पश्चिमी हिस्से में मानवीय सहायता पहुंचाने की अवधि पर मतभेदों के बीच शुक्रवार को एक बैठक बुलाई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सीरिया के विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में तुर्की से होते हुए मानवीय सहायता पहुंचाने पर गुरुवार को मतदान कराना था लेकिन इसे टाल दिया गया है। रूस ऐसी मानवीय सहायता को जारी रखने के लिए तैयार हो गया है लेकिन केवल छह महीनों के लिए। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई सदस्य, महासचिव एंतोनियो गुतारेस और 30 से अधिक गैरसरकारी समूह चाहते हैं कि यह अवधि बढ़ाकर एक साल की जाए। सुरक्षा परिषद का एक और सत्र शुक्रवार को बुलाया गया है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इसमें विचार-विमर्श होगा या मतदान होगा। परिषद के 15 सदस्यों के बीच गुरुवार को शाम तक बंद कमरे में चर्चा चलती रही लेकिन आयरलैंड और नॉर्वे द्वारा पेश किए गए मसौदा प्रस्ताव और रूस के प्रस्ताव के बीच मतभेदों को दूर नहीं किया जा सका। आयरलैंड और नॉर्वे के प्रस्ताव में 12 महीने के लिए मानवीय सहायता पहुंचाने की बात कही गई है जबकि रूस के प्रस्ताव में छह महीने का वक्त दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र में आयरलैंड के राजदूत गेरेल्डाइन बायर्न नैसन ने गुरुवार की बैठक के बाद कहा, 'हम आम सहमति बनाने पर काम कर रहे हैं। कमरे में उपस्थित कोई भी सदस्य इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर विभाजन नहीं चाहता लेकिन हमें और काम करना होगा। हम रात भर काम करने जा रहे हैं और उम्मीद है कि सुबह तक इसका हल निकाला जा सकेगा।'



ट्यूनीशिया में फ्री कांस्टीट्यूशनल पार्टी के समर्थक विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस से भिड़ गये।

## भारत सहित 11 देशों में सामने आए ओमिक्रॉन के सब-वेरिएंट बीए.2.75 के मामले: घेब्रेयसस


जेनेवा । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस ने बताया कि कोरोना वायरस के स्वरूप ओमिक्रॉन के उप स्वरूप बीए.2.75 के मामले भारत जैसे दुनिया के 11 अन्य देशों में सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य निकाय इस पर नजर रख रहा है। घेब्रेयसस ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दुनियाभर में पिछले दो सप्ताह में कोविड-19 के मामलों में करीब 30 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई है। डब्ल्यूएचओ उप-क्षेत्रों में छह में से चार में पिछले सप्ताह मामलों में वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा यूरोप और अमेरिका में बीए.4 और बीए.5 के मामले सामने आ रहे हैं। भारत जैसे देशों में बीए.2.75 के मामले भी सामने आए, जिन पर हम नजर बनाए हुए हैं। डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने ट्विटर पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के स्वरूप ओमिक्रॉन के उप स्वरूप को बीए.2.75 कहा जाता है सबसे पहले इसकी पुष्टि भारत में हुई थी और फिर करीब 10 देशों में इसके मामले सामने आए। उन्होंने कहा कि विश्लेषण करने के लिए उप-स्वरूप के अब भी सीमित अनुक्रम उपलब्ध हैं, लेकिन इस उप-स्वरूप में स्पाइक प्रोटीन के 'रिसेप्टर-बाइंडिंग डोमेन' पर कुछ उत्परिवर्तन होते हैं, जो 'ह्यूमन रिसेप्टर' तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाता है। इसलिए हमें इस पर नजर रखनी होगी।

# यूक्रेन पर हमले के बाद महंगाई से 7 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे आए

**- दो करोड़ लोग रोजाना 3.20 डॉलर से कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं**

दुबई (एजेंसी)।


संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने एक रिपोर्ट में कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद खाद्य पदार्थों और ऊर्जा की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण दुनिया भर में 7.1 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे चले गए हैं। यूएनडीपी का अनुमान है कि युद्ध शुरू होने के बाद पहले तीन महीनों में 5.16 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गए और वे प्रतिदिन 1.90 डॉलर या उससे भी कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं। इसके साथ ही विश्व की कुल जनसंख्या का करीब नौ प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे हो गया। इसके अलावा करीब दो करोड़ लोग रोजाना 3.20 डॉलर से कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं। कम आमदनी वाले देशों में परिवार अपनी घरेलू आय का 42 प्रतिशत हिस्सा भोजन पर खर्च करते हैं लेकिन पश्चिमी देशों द्वारा रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जाने से ईंधन और मुख्य खाद्य पदार्थों जैसे गेहूं, चीनी और खाना पकाने के काम आने वाले तेल की कीमतें बढ़ गईं। यूक्रेन के बंदरगाहों के अवरूद्ध हो जाने और कम आय वाले देशों को अनाज निर्यात नहीं कर पाने के कारण कीमतों में और वृद्धि हुई। इससे लाखों लोग जल्दी ही गरीबी रेखा से नीचे चले गए।



यूएनडीपी प्रशासक अचिम स्टीनर ने रिपोर्ट जारी होने के मौके पर कहा कि जीवन यापन के खर्च पर पड़ने वाला प्रभाव काफी गंभीर है और हाल के समय में ऐसी स्थिति नहीं देखी गई। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जिस गति से लोग प्रभावित हुए, वह महामारी के चरम के दौर की आर्थिक पीड़ा से भी अधिक गंभीर है। यूएनडीपी ने कहा कि फरवरी के अंत में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद सिर्फ तीन महीनों में 7.1 करोड़ से अधिक लोगों ने गरीबी को महसूस किया जबकि कोविड महामारी के दौरान करीब 18 महीने के लॉकडाउन के दौरान 12.5 करोड़ लोगों ने इस दर्द को महसूस किया था।

## इस देश में मारबर्ग वायरस के मिले 2 मामले, जानिए इस वायरस के बारे में

जिनेवा। (एजेंसी)।



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि घाना में इबोला जैसे मारबर्ग वायरस से संक्रमण के दो संभावित मामले सामने आए हैं। अगर इनकी पुष्टि हो जाती है तो यह पश्चिम अफ्रीकी देश में इस तरह के संक्रमण का पहला मामला होगा। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह बीमारी, इबोला के समान एक बेहद संक्रामक रक्तस्रावी बुखार है, जो चमगादड़ों की एक प्रजाति द्वारा लोगों में फैलती है। संक्रमित लोगों के शारीरिक द्रवों व सतहों के संपर्क में आने से इसका प्रसार होता है। मारबर्ग संभावित रूप से बेहद हानिकारक और घातक है- पिछले प्रकोपों को देखें तो मृत्यु दर 24 प्रतिशत से 88 प्रतिशत तक थी।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि घाना के दक्षिणी अशांती क्षेत्र से लिए गए दो मरीजों के शुरुआती विश्लेषण में संक्रमण पाया गया था। दोनों मरीजों की मौत हो चुकी है। हालांकि, नमूनों को पूरी तरह से पुष्टि के लिये सेनेगल के डकार में पाश्चर संस्थान भेजा गया है, जो संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी के साथ काम करता है। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा कि दोनों मरीजों को अतिसार, बुखार, बेचैनी और उल्टी के लक्षणों के बाद स्थानीय अस्पताल ले जाया गया था। वैश्विक निकाय ने कहा, 'आगे की जांच जारी है लेकिन संभावित प्रकोप को लेकर प्रतिक्रिया की तैयारी तेजी से की जा रही है।'

घाना में स्वास्थ्य अधिकारियों की मदद के लिये विशेषज्ञों की तैनाती की जा रही है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि अगर मारबर्ग के रूप में पुष्टि की होती है, तो यह दूसरा मामला होगा, जब पश्चिम अफ्रीका में यह संक्रमण सामने आएगा। इससे पहले गिनी में अगस्त में एक मामला सामने आया था, जिसके पांच हफ्तों बाद इसके प्रसार की घोषणा की गई थी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इससे पहले अंगोला, कांगो, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में भी मारबर्ग के मामले सामने आ चुके हैं।

## पाक सेना का मजाक उड़ाने पर होगी 2 साल की जेल, नए आपराधिक कानून संशोधन बिल पर हुआ बवाल

इस्लामाबाद (एजेंसी)।

पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वालों को जेल भेजने के लिए पूर्ववर्ती इमरान खान सरकार के एक बिल को लेकर नेशनल असेंबली में खूब बवाल हुआ। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली स्टैंडिंग कमेटी ऑन इंटीरियर ने एक नया आपराधिक कानून संशोधन बिल पारित किया है। इसके अनुसार, पाकिस्तान सशस्त्र बलों के आलोचकों को अब दो साल की जेल की सजा के साथ-साथ 500000 रुपए तक का जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। पाकिस्तानी सांसद मोहसिन दवार ने इस बिल को लेकर तंज कसे और इसे लोगों को डराने-धमकाने वाला बताया। हालांकि, खुद इमरान खान के गृह राज्य खैबर पख्तूनख्वा की सरकार ने इस विधेयक के खिलाफ मतदान किया है। वहीं, पाकिस्तान के अन्य राज्यों ने इस विधेयक पर अभी तक अपने विचार व्यक्त नहीं किए हैं। विपक्षी दलों का तर्क है कि यह हमारी अपनी संस्थाओं के खिलाफ है। हम अपनी इन संस्थाओं के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी नीयत से की गई आलोचना को कभी भी गलत नहीं समझना चाहिए। हमें लोगों को डराकर रखने से बचना चाहिए। इस आपराधिक कानून संशोधन बिल के तहत, पाकिस्तान के सशस्त्र बलों और उनके किसी कर्मी के खिलाफ जानबूझकर उपहास, अपमान और मानहानि नहीं की जा सकेगी। ऐसा करने वालों को पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) की धारा 500 ए के तहत दो साल की जेल, 500000 रुपए तक का जुर्माना या दोनों सजा दी जा सकती है।

## चीन एक तरफा प्रतिबंध और ताइवान पर दोहरे मापदंडों का विरोध करता है: वांग ने जयशंकर से कहा

बीजिंग (एजेंसी)।

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के साथ बाली में बृहस्पतिवार को मुलाकात के दौरान कहा कि चीन यूक्रेन संकट के बहाने से अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा उनके देश एवं रूस पर एक तरफा प्रतिबंध लगाने और ताइवान के मुद्दे पर 'दोहरे मापदंड' अपनाने का विरोध करता है।

चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, इंडोनेशिया के बाली में जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर जयशंकर के साथ करीब एक घंटे तक चली मुलाकात के दौरान वांग ने यूक्रेन की मौजूदा स्थिति पर चीन की चिंता सामने रखी। उन्होंने कहा कि चीन उन दोहरे मापदंडों का विरोध करता है जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करते हैं।

ज़ाहिर तौर पर अमेरिका, यूरोपीय संघ और पश्चिमी देशों के संदर्भ में वांग ने कहा कि कुछ देश यूक्रेन मुद्दे पर संप्रभुता के सिद्धांत पर ज़ोर देते हैं, लेकिन ताइवान के मुद्दे पर चीन की संप्रभुता और एक-चीन सिद्धांत को चुनौती देते रहते हैं और यहां तक कि जानबूझकर ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव पैदा करते हैं, जो स्पष्ट रूप से दोहरा मापदंड है। चीन स्वशासित ताइवान को मुख्य भूमि का हिस्सा बताता है और उसका उसे अपने में मिलाने का सकंल्प है।



सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, वांग ने कहा कि चीन यूक्रेन संकट को ताइवान के साथ तुलना की किसी भी कोशिश को खारिज करता है और चीन अपने मूल हितों का दृढता से बचाव करेगा। नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में यूक्रेन का कोई ज़िक्र नहीं है। बयान में सिर्फ इतना कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने 'अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान भी किया है।


## कौन ले सकता है बोरिस जॉनसन की जगह? रक्षा मंत्री बेन वालेस हो सकते है गंभीर दावेदार

लंदन।(एजेंसी)।

बोरिस जॉनसन की सरकार को जितने संकटों ने घेरा है, उनमें से किसी एक गिरफ्त में आने पर भी ब्रिटेन के ज्यादातर प्रधानमंत्री इस्तीफा दे चुके होते। जॉनसन, परंपरा या नियमों से कभी नहीं बंधे, लगभग हर संकट से बाहर निकल गए - लेकिन क्रिस पिंचर का मामला उनकी सरकार के लिए खतरनाक साबित हुआ। स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद और चांसलर ऋषि सनक के नेतृत्व में जॉनसन की सरकार के 50 से अधिक सदस्यों ने डेढ़ दिन में इस्तीफा दे दिया। जॉनसन ने अब पार्टी के नेता के रूप में इस्तीफा दे दिया है और वह एक नया नेता चुने जाने तक पीएम पद पर बने रहेंगे। जॉनसन एक विशिष्ट नेता नहीं थे, और उनके उत्तराधिकारी के सामने एक मुश्किल विरासत को संभालने का काम होगा। उन्हें अगले आम चुनाव (जो समय से पहले कराए जा सकते हैं)से पहले कंजर्वेटिव पार्टी को मजबूत करना होगा।

हालात को स्थिर करते हुए और मतदाताओं से अपील करते हुए, उन्हें जॉनसन की विरासत के अधिक समस्याग्रस्त पहलुओं से खुद को दूर करने की आवश्यकता होगी। असंभव प्रतीत होने वाले इस कार्य के लिए संभावित दावेदार यहां दिए गए हैं- बेन वालेस उन्हें कुछ लोग शायद उम्मीदवारों में न गिनते हों, लेकिन रक्षा मंत्री बेन वालेस को एक गंभीर दावेदार माना जाता है। वह यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए ब्रिटेन की प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण रहे हैं और अफगानिस्तान में तालिबान के अधिग्रहण के समय वह इस बात को लेकर स्पष्ट थे कि वहां फंसे ब्रिटेन के नागरिकों और अन्य लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने जॉनसन के मंत्रिमंडल से इस्तीफा नहीं दिया, जो बात उनके खिलाफजा सकती है, लेकिन वे निश्चित रूप से एक मजबूत उम्मीदवार की तरह दिखते हैं। पेनी मोर्डौंट व्यापार नीति राज्य मंत्री पेनी मोर्डंट को जरूरी नहीं कि सब लोग पसंद करते हों, लेकिन कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर उनका बहुत सम्मान है। मोर्डौंट भले थोड़े समय के लिए ही सही लेकिन रक्षा मंत्री रही हैं। उन्होंने इससे पहले अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया (विभाग के विदेश कार्यालय में विलय से पहले)। वैलेस की तरह, मॉर्डंट पिछले कुछ दिनों में जॉनसन की करीबी रहीं, लेकिन पार्टी के भीतर उसकी लोकप्रियता इस बात को अनदेखा करने में मददगार हो सकती है, खासकर ब्रेक्सिट समर्थक के तौर पर उनकी साख को देखते हुए।

ऋषि सुनक पूर्व चांसलर को महामारी के शुरुआती चरणों में लीडर इन वेटिंग माना जाता था। उनकी शुरुआती सफलताओं ने उनकी स्थिति और प्रोफ़ाइल को ऊंचा कर दिया, लेकिन उनका सितारा काफी जल्दी फीका पड़ गया। अपनी पत्नी की कर स्थिति और संपत्ति पर सवाल आम तौर पर सनक को मतदाताओं की पंसद से दूर कर देते हैं। डाउनिंग स्ट्रीट में लॉकडाउन पार्टियों को लेकर पुलिस द्वारा जॉनसन के साथ उन पर भी जुर्माना लगाया गया था। जबकि वह एक मजबूत उम्मीदवार बने हुए हैं, उनकी ख्वाहिश थी कि नेता के लिए खड़े होने का अवसर उन्हें जल्दी मिलता। साजिद जाविद जाविद जॉनसन कैबिनेट से दो बार इस्तीफा देने की विशेषता रखते हैं। महामारी से ठीक पहले चांसलर के पद से उनका पहला इस्तीफा, अपने स्वयं के



कर्मचारियों को नियुक्त करने की उनकी इच्छा से प्रेरित था। मैट हैनकॉक के इस्तीफे के बाद उन्हें वापस कैबिनेट में आमंत्रित किया गया था। पार्टी के भीतर कई लोगों द्वारा एक बहुत ही सक्षम सांसद माने जाने वाले जाविद, कामकाजी वर्ग की पृष्ठभूमि रखते हैं, जिसे उनके पक्ष में गिना जाएगा, कुछ चिंता इस बात को लेकर हो सकती है कि जाविद ने जॉनसन कैबिनेट में फिर से शामिल होने में निर्णय की कमी दिखाई। नादिम ज़ाहावी ज़ाहावी तब सार्वजनिक रूप से सुर्खियों में आए जब उन्होंने वैक्सीन रोलआउट की अगुवाई की।

## जम्मू कश्मीर में बाढ़ प्रबंधन के लिए 1,600 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी मिली

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर प्रशासनिक परिषद ने शुक्रवार को झेलम और उसकी सहायक नदियों के बाढ़ के प्रबंधन के लिए 1,623 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी। इस परियोजना का उद्देश्य कम से कम छह जिलों में नदी से सटे बाढ़ संभावित क्षेत्रों की रक्षा करना है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, ''उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में यहां प्रशासनिक परिषद ने कश्मीर संभाग में जल शक्ति विभाग द्वारा झेलम बाढ़ सुरक्षा कार्यों को प्रशासनिक मंजूरी दी।'' उन्होंने कहा कि परिषद ने प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत परियोजना – झेलम नदी और उसकी सहायक नदियों के लिए व्यापक योजना, चरण (द्वितीय) भाग (ए) के लिए 1,623.43 करोड़ रुपये की राशि की मंजूरी दी। परियोजना के पीछे की मंशा श्रीनगर, बडगाम, बारामूला, अनंतनाग, पुलवामा और बांदीपुरा जिलों में झेलम से लगे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की रक्षा करना है और कुशल श्रमिकों के लिए 1.19 करोड़ मानव–दिवस रोजगार और अकुशल श्रमिकों के लिए 3.81 करोड़ मानव–दिवस रोजगार सृजन करना है। उन्होंने कहा कि इसे तीन साल में पूरा किया जाएगा। केंद्रीय जल आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समूह द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर परियोजना की संकल्पना तैयार की गई थी। प्रधानमंत्री के निर्देश पर सितंबर 2014 की बाढ़ के तुरंत बाद इस समूह का गठन किया गया था।

## कांवड़ यात्रा 2022: गोमुख की यात्रा पर रहेगा प्रतिबंध

नई दिल्ली । कोरोना की वजह से दो साल बाद 14 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा के लिए मेगा प्लान तैयार किया गया है। प्रशासन के अनुसार चार से पांच करोड़ कांवड़ियों के हरिद्वार पहुंचने का अनुमान है। यह तादाद अब तक की सर्वाधिक है। कांवड़ यात्रा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। ड्रोन से निगरानी होगी। इस बार एक दिन में केवल 150 कांवड़ियों को ही गोमुख जाने की अनुमति रहेगी। कांवड़ मेले को लेकर शुक्रवार को होने सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बैठक होने वाली है। मुख्यमंत्री अभी तक हुए कांवड़ के कार्यों की समीक्षा करेंगे। सीएम निरीक्षण भी कर सकते हैं। इससे पहले, डीएम विनय शंकर पांडे ने मेले की तैयारियों को लेकर औचक निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि 10 जुलाई तक काम पूरा न करने वालों विभागों के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने गुरुवार को कांवड़ पटरी पर चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। रुड़की कांवड़ मेले के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर बम स्क्वायड ने परिसर का चप्पा–चप्पा खंगाला। कांवड़ मार्ग की निगरानी इस बार पहली बार ड्रोन से होगी।

## आप के बर्खास्त मंत्री विजय सिंगला को मिली जमानत, भ्रष्टाचार करने के लगे थे आरोप

नई दिल्ली । भ्रष्टाचार मामले में फंसे पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को जमानत मिल गई है। शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी नेता की जमानत मंजूर की। सिंगला को 24 मई को पंजाब की भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार से पहले ही उन्हें मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया था। आप नेता सिंगला पर अपने ओएसडी प्रदीप कुमार के जरिए रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। मई में मोहाली के फेज 8 पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर रजेंद्र सिंह से रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज हुई थी। एफआईआर के अनुसार, 20 मई को सिंह से 10 लाख रुपये की मांग की गई थी। साथ ही उन्हें आगे होने वाले आवंटन के लिए एक फीसदी कमीशन देने के लिए भी कहा गया था। 10 मार्च को ही पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए थे। इसके बाद मई में ही राज्य की आप सरकार की तरफ से यह बड़ी कार्रवाई की गई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ के मुताबिक, सिंगला ठेकों के लिए अधिकारियों से 1 प्रतिशत दलाली मांग रहे थे। साथ ही सीएमओ ने यह भी कहा था कि सिंगला के खिलाफ मजबूत सबूत मिला है। सिंगला के खिलाफ सरकार की तरफ से की गई कार्रवाई पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीएम मान की तारीफ की थी। उन्होंने ट्वीट किया था, 'आप पर मुझे गर्व है भगवंत। आपकी कार्रवाई से मेरी आंखों में आंसू आ गए। आज पूरा देश आप पर गर्व कर रहा है।' पंजाब के सीएम ने कहा था कि आप में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस पॉलिसी है। मान ने बताया था कि उन्होंने सिंगला को कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया है और पुलिस को उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

## महिला ऑनलाइन बेचने गई थी 21 हजार का फर्नीचर, साइबर ठगों ने खाते से उड़ा दिए 3.77 लाख

मुंबई। मुंबई में 26 वर्षीय एक युवती ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गई जब एक व्यक्ति ने उसके खाते से 3.77 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना तब सामने आई जब महिला ने मंगलवार को मलाड थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता झुग्गी पुनर्विकास प्राधिकरण (एसआरए) की इमारत में रहती है और एक पेट्रोलियम कंपनी में कार्यकारी सहायक है। अधिकारी ने कहा, 卐हाल में उसे उसके सीनियर ने कॉल कर कहा कि वह एक ऑनलाइन मंच पर 21 हजार में फर्नीचर बेचना चाहता है। महिला ने सामान बेचने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करवाया। शीघ्र ही, एक साइबर ठग ने उससे संपर्क किया और फर्नीचर खरीदने में रुचि दिखाई।卐 महिला को भुगतान करने के नाम पर, आरोपी ने उसके बैंक खातों का विवरण लिया और खाते से 3.77 लाख रुपये निकाल लिए। इसके बाद पीड़िता ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## हमदर्द में हिंदुओं को मिले 50 पर्सेंट आरक्षण महापंचायत बुलाकर की मांग

नई दिल्ली । हरियाणा के मानेसर में ग्रामीणों और हिंदू संगठनों की ओर से एक महापंचायत हुई, जिसमें फार्मा कंपनी हमदर्द लैबोरेट्रीज में हिंदुओं को 50 फीसदी आरक्षण देने की मांग की गई। इस पंचायत में मौजूद लोगों ने यूनानी फार्मा कंपनी पर रोजगार देने के मामले में पक्षपात करने के आरोप लगाते हुए कहा कि हिंदुओं को मौके नहीं दिए जाते। पंचायत में मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि हिंदू किसानों से अधिग्रहण की गई जमीन पर ही फैक्ट्री बनी है और उसने ट्रस्ट के नाम पर सरकार से तमाम छूट भी हासिल की हैं। इसके बाद भी किसी स्थानीय हिंदू व्यक्ति को कोई नौकरी नहीं मिली। यही नहीं पंचायत के बाद स्थानीय प्रशासन को इस मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। इस ज्ञापन में कहा गया है कि यदि 50 फीसदी आरक्षण की मांग को पूरा नहीं किया जाता है तो फिर हम फैक्ट्री को ही बंद करा देंगे। पंचायत में मौजूद मानेसर के पूर्व सरपंच रामअवतार ने कहा, 'मानेसर के किसानों ने ही इन फैक्ट्रियों को लगाने के लिए अपनी जमीन दी थी। हमदर्द वैकेंसी निकलती हैं और कोई स्थानीय व्यक्ति योग्य होते हुए अप्लाई करता है तो उसे कभी मौका ही नहीं दिया जाता। हम चाहते हैं कि प्रशासन खुद फैक्ट्री में जाकर देखे कि यहां कोई भी हिंदू व्यक्ति काम नहीं करता है। एक अन्य स्थानीय व्यक्ति देविंदर ने कहा कि हम चाहते हैं कि कंपनी में लोगों को भर्ती करने के तरीके और उनके प्रोफाइल की जांच की जाए। वहीं मानेसर के डीसीपी महावीर सिंह ने कहा कि महापंचायत के बाद इलाके में कानून–व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त है और पुलिस यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि इलाके में शांति बनी रहे। बता दें कि हरियाणा सरकार ने भी पिछले दिनों राज्य के लोगों को निजी संस्थाओं की नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण दिलाने का ऐलान किया था। इसे लेकर कुछ कंपनियों ने ऐतराज भी जताया था।

## कोरोना के फिर 18 हजार से ऊपर मामले 24 घंटे में 38 लोगों की मौत

नई दिल्ली । देश में पिछले कई हफ्तों से कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। आज एक बार फिर से कोरोना के मामले 18 हजार से ऊपर आए हैं। पिछले 24 घंटों में 18,815 नए कोविड–19 मामले सामने आए। ये आंकड़े पिछले दिन की तुलना में थोड़ा कम हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के 15,899 मरीज ठीक भी हुए हैं। वहीं इस अवधि में 38 और लोगों की जान गई है। कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 1 लाख 22 हजार से अधिक हो गई। एक दिन पहले गुरुवार को देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 18,930 नए मामले सामने आए थे, वहीं कोरोना संक्रमण की वजह से 35 लोगों की जान चली गई थी। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 18,815 नए मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों में कुल 15,899 मरीज डिस्चार्ज हुए। कुल रिकवरी दर लगभग 98.51 फीसदी है। पिछले 24 घंटों में संक्रमण के कारण 38 और लोगों की मौत हुई है।

# बढ़ती महंगाई के बीच बड़ा दावा अगले 5 साल में पेट्रोल हो जाएगा बैन: नितिन गडकरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



देश में ईंधन की बढती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। महंगाई भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। इसलिए अगर ईंधन के दाम में दो रुपये की भी कमी की जाए तो भी आम आदमी को बड़ी राहत मिल जाती है। इस बीच केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को एक बड़ा बयान दिया है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच उन्होंने कहा है कि अगले पांच साल में देश से पेट्रोल को खत्म कर दिया जाएगा। इसपर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। नितिन गडकरी गुरुवार को अकोला में डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को कृषि विश्वविद्यालय द्वारा %डॉक्टर ऑफ साइंस% की उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भगत सिंह कोश्यारी ने की। गडकरी ने कहा कि अब विदर्भ में बने बायो-एथेनॉल का इस्तेमाल वाहनों में किया जा रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन को कुएं के पानी से बनाया जा सकता है और 70 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा सकता है। गडकरी ने कहा कि अगले पांच साल में देश से पेट्रोल खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ गेहूं, चावल, मक्का लगाने से कोई किसान अपनी भविष्य नहीं बदल सकता है। गडकरी ने कहा कि किसानों को ऊर्जा दाता बनने की जरूरत है न कि सिर्फ खाद्य प्रदाता । गडकरी ने कहा कि इथेनॉल पर एक फैसले से देश को 20,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। निकट भविष्य में दोपहिया और चार पहिया वाहन ग्रीन हाइड्रोजन, एथेनॉल और सीएनजी पर आधारित होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि विदर्भ से कपास बांग्लादेश को निर्यात करने की योजना है, जिसके लिए विश्वविद्यालयों के सहयोग की आवश्यकता है। विदर्भ में किसानों की आत्महत्या को रोकने के लिए विश्वविद्यालय बहुत कुछ कर सकता है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैनीताल हादसे में हुई मौतों पर शोक जताया



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तराखंड के नैनीताल जिले के रामनगर में बारिश से उफनाई ढेला नदी में एक कार के बह जाने की घटना में हुई मौतों पर शोक जताया। कार के बह जाने से उसमें सवार पंजाब के नौ पर्यटकों की डूबने से मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक ट्वीट के मुताबिक, मोदी ने कहा, ''नैनीताल जिले में एक कार के बह जाने के हादसे से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। वहां फंसे लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है।'' स्थानीय पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना सुबह पौने छह बजे के करीब हुई, जब पटियाला के रहने वाले सभी पर्यटक पंजाब लौट रहे थे। दुर्घटना का शिकार हुए चार पर्यटकों के शव बरामद हो चुके हैं, जबकि पांच अन्य अभी कार में ही फंसे हैं। हादसे में जीवित बची 22 वर्षीय महिला नाजिया को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। अन्य शवों को निकालने के प्रयास जारी हैं।

# देश में अघोषित आपातकाल है, नाममात्र का राष्ट्रपति संविधान नहीं बचाएगा: यशवंत सिन्हा

**गांधीनगर। (एजेंसी)।**




राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी दलों के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि संवैधानिक मूल्य (वैल्यू) और लोकतांत्रिक संस्थाएं देश में खतरे का सामना कर रही हैं तथा नाममात्र का (रबर स्टैम्प) राष्ट्रपति संविधान को बचाने की कभी कोशिश नहीं करेगा। सिन्हा, 18 जुलाई को होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव से पहले गुजरात में कांग्रेस विधायकों का समर्थन मांगने के लिए यहां आए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस चुनाव में उनके और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के बीच मुकाबला सिर्फ इस बारे में नहीं है कि अगला राष्ट्रपति कौन बनेगा।

सिन्हा ने कहा, ''यह लड़ाई अब एक कहीं अधिक बड़ी लड़ाई में तब्दील हो गई है।यह इस बारे में है कि क्या वह व्यक्ति राष्ट्रपति बनने के बाद संविधान बचाने के लिए अपने अधिकारों का उपयोग करेगा/करेगी। और यह स्पष्ट है कि नाममात्र का राष्ट्रपति ऐसा करने की कभी कोशिश नहीं करेगा।'' उन्होंने कहा, ''आज, संवैधानिक मूल्य और प्रेस सहित लोकतांत्रिक संस्थाएं खतरे में हैं। देश में वर्तमान में अघोषित आपातकाल है। लाल कृष्ण आडवाणी और अटल बिहारी वाजपेयी ने (1975 से 1977 के बीच) आपातकाल के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी तथा इसके लिए वे जेल भी गये थे। आज उनकी ही पार्टी (भाजपा) ने देश में आपातकाल थोप दिया है। यह विडंबना ही है।'' उन्होंने भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा का समर्थन करने को लेकर हाल में दो लोगों की हत्या किये जाने की घटनाओं पर नहीं बोलने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी आलोचना की।

सिन्हा ने आरोप लगाया, ''दो हत्याएं हुईं। मेरे सहित हर किसी ने इसकी निंदा की। लेकिन ना तो प्रधानमंत्री और ना ही गृह मंत्री (अमित शाह) ने एक शब्द बोला। वे चुप हैं क्योंकि वे वोट पाने के लिए इस तरह के मुद्दों को ज्वलंत बनाये रखना चाहते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि एक आदिवासी (मुर्मू) के देश के शीर्ष संवैधानिक पद हासिल करने से भारत में जनजातीय समुदायों के जीवन में बदलाव नहीं आएगा। उन्होंने कहा, ''यह मायने नहीं रखता है कि कौन किस जाति या धर्म से आता है। सिर्फ यह बात मायने रखती है कि कौन व्यक्ति किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता है और यह लड़ाई विभिन्न विचारधाराओं के बीच है। हालांकि, वह छह साल झारखंड की राज्यपाल रही थीं लेकिन इससे वहां आदिवासियों के जीवन में बदलाव नहीं आया।

## भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच बोले आनंद शर्मा, यदि मिलना होगा तो नड्डा से खुलेआम मिलूंगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने बृहस्पतिवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से अपनी भेंट को लेकर उठी अटकलों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यदि उन्हें ऐसा करना होगा, तो वह खुलेआम करेंगे क्योंकि दोनों हिमाचल प्रदेश से हैं एवं दोनों ने एक ही विश्वविद्यालय में पढ़ाई की है। शर्मा ने कहा कि उनका नड्डा से 'पुराना सामाजिक एवं पारिवारिक नाता' है और ''मुझे खुशी है कि मेरे राज्य एवं विश्वविद्यालय से आने वाला कोई व्यक्ति सत्तारूढ़ दल का अध्यक्ष है।''

उनकी कथित भेंट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' वैचारिक मतभेद का मतलब व्यक्तिगत दुश्मनी या वैमनस्य नहीं होता है, .... यदि मुझे जे पी नड्डा से मिलना होगा तो मैं खुलेआम मिलूंगा। यह मेरा अधिकार है। मैं किसी अटकल को हवा नहीं दूंगा।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ ने उन्हें एवं नड्डा को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस कार्यक्रम में जाने के सिलसिले में उन्होंने फोन पर नड्डा से बातचीत की। शर्मा उस जी-23 समूह के अहम सदस्य हैं जिसने कांग्रेस संगठन में आमूलचूल बदलाव की मांग की थी और जो पार्टी नेतृत्व के कुछ फैसलों का आलोचक रहा था। यह पहली बार नहीं है कि शर्मा की नड्डा से भेंट करने को लेकर अटकलें सामने आयी हैं।

## कर्नाटक के कई हिस्सों में बारिश का प्रकोप जारी, उत्तरी जिलों में बाढ़ की चेतावनी

**बेंगलुरू। (एजेंसी)।**

कर्नाटक के तटीय इलाकों और मलनाड क्षेत्र में भारी बारिश होने के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं पड़ोसी महाराष्ट्र में भी भारी बारिश होने के कारण कर्नाटक के कुछ उत्तरी जिलों में बाढ़ की चेतावनी जारी की गयी है। कर्नाटक के जल संसाधन मंत्री गोविंद करजोल ने कहा कि महाराष्ट्र में भारी बारिश के कारण वहां से कृष्णा नदी और उसकी सहायक नदियों में पानी छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि अलमट्टी जलाशय में75,200 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा चुका है और ऐसी जानकारी है कि इसके परिणामस्वरूप कृष्णा घाटी में भीषण बाढ़ की आशंका है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि इसके मद्देनजर बागलकोट और बेलगावी में जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है और सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। दोनों जिलों और आसपास के क्षेत्रों में निचले इलाकों और कुछ पुल-सह-बैराजों के जलमग्न होने की खबरें हैं। कर्नाटक के तटीय और मलनाड जिलों जैसे कोडागु, दक्षिण कन्नड़, उडुपी, उत्तर कन्नड़ तटीय और मलनाड क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश होने के कारण जान-माल का नुकसान हो रहा है। बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं और कृषि क्षेत्र तथा निचले इलाकों में पानी भर गया है। कोडागु और दक्षिण कन्नड़ जिलों के पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की भी सूचना मिली है। एहतियात के तौर पर इनमें से ज्यादातर जिलों में स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

## प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं का पूर्वोत्तर में विकास गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा: कलिता

**कोलकाता (एजेंसी)।**



सेना की पूर्वी कमान के 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' लेफ्टिनेंट जनरल आर. पी कलिता ने बृहस्पतिवार को कहा कि मणिपुर में हाल में भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण पूर्वोत्तर में कल्याणकारी गतिविधियों के लिए सरकारी प्रयासों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

कलिता ने कहा कि भारी बारिश के बाद मणिपुर के नोनी जिले में एक रेलवे निर्माण शिविर में भूस्खलन में लोगों की मौत होना ''बहुत दुर्भाग्यपूर्ण'' था, लेकिन ''प्रकृति के प्रकोप का कोई मुकाबला नहीं कर सकता।'' उन्होंने कहा कि पूरा पूर्वोत्तर, जो पूर्वी कमान की जिम्मेदारी के क्षेत्र का हिस्सा है, देश के बाकी हिस्सों की तुलना में बुनियादी ढांचे के विकास में पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''पिछले 10 से 15 वर्षों में, बहुत सी बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं।.....'' उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को सरकार की सभी एजेंसियों द्वारा समर्थन देने की जरूरत है। पूर्वी सैन्य कमांडर ने यहां बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण में 'ईस्ट टेक 2022' रक्षा प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, ''लेकिन, मुझे नहीं लगता कि इस तरह की घटनाओं (मणिपुर में भूस्खलन) का विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने संबंधी सरकार की इच्छा और पूर्वोत्तर में होने वाले बुनियादी ढांचे के विकास पर कोई प्रभाव पड़ने वाला है।''

उन्होंने कहा कि सेना ऐसे सभी प्रयासों में सरकार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'मिनी डिफेंस एक्सपो' के रूप में चर्चित पूर्वी कमान में आवश्यक क्षमता विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य कठिन क्षेत्रों में परिचालन क्षमताओं को बढ़ाना भी है। दो दिवसीय प्रदर्शनी में 'फील्ड फॉर्मेशन' के कई अधिकारियों के शामिल होने का उल्लेख करते हुए कलिता ने कहा कि पूर्वी कमान उन उपकरणों की खरीद पर विचार कर रही है जिनकी सैनिकों के लिए तत्काल आवश्यकता है।

## बेअदबी केस- डेरा सच्चा सौदा के तीन अनुयायियों को 3-3 साल कैद की सजा, जुर्माना भी लगा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।**

पंजाब में साल-2015 में हुए बेअदबी के मामले में पहली बार सजा का ऐलान करते हुए पंजाब मोगा जिले की एक अदालत ने डेरा सच्चा सौदा के तीन अनुयायियों को तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सुखदेव सिंह ने फोन पर बताया कि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल गर्ग की अदालत ने तीनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने जिन तीन लोगों को सजा सुनाई है उनमें बाघापुराना का पृथि सिंह तथा मल्के गांव के अमरदीप सिंह और मिठू सिंह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 2015 में हुए बेअदबी मामले में यह पहला मौका है जब किसी दोषी को सजा सुनाई गई है। उन्होंने बताया कि हालांकि, मामले के दो अन्य आरोपियों दविंदर सिंह और सतनाम सिंह को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया। मोगा अदालत का फैसला आने के बाद पंजाब के वित्त मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह चीमा ने प्रदेश की पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि वे इस मामले में कभी न्याय सुनिश्चित करना चाहते ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार बेअदबी के प्रत्येक मामले में न्याय सुनिश्चित कराना चाहती है।

कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुये कहा कि पूरी प्रक्रिया जिससे आरोपियों को सजा सुनायी गयी है, वह उसके शासन में हुयी थी। गौरतलब है कि नवंबर 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब के पृष्ठ के टुकड़े मोगा जिले के मल्के गांव में सड़कों पर बिखरे मिले थे। पुलिस ने इसके बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 295 ए और 295 के तहत मामला दर्ज किया था। वर्ष 2018 के अक्टूबर में पंजाब पुलिस के विशेष जांच दल ने मामले में डेरा सच्चा सौदा के पांच अनुयायियों को गिरफ्तार किया था। इस जांच दल की अगुवाई तत्कालीन पुलिस उप महानिरीक्षक रणबीर सिंह खटरा कर रहे थे। प्रदेश के फरीदकोट जिले में 2015 में बेअदबी के तीन मामले सामने आये थे। ये मामले गुरु ग्रंथ साहिब की एक प्रति की चोरी और हस्तलिखित अपवित्र पोस्टर लगाने और धार्मिक पुस्तक के फटे पृष्ठ बरगड़ी में बिखरे पाए जाने से संबंधित हैं। इन घटनाओं के कारण फरीदकोट में विरोध प्रदर्शन हुआ था।

अक्टूबर 2015 में बहबल कलां में पुलिस की गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कोटकपूरा में कुछ लोग घायल हो गए थे। यह मामला पंजाब में एक भावनात्मक मुद्दा रहा है और 2017 और 2022 में राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान मुख्य चुनावी मुद्दों में से एक था। मोगा की अदालत के फैसले का स्वागत करते हुये चीमा ने कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल पर आरोप लगाया कि ये दोनों दल बेअदबी मामले में न्याय सुनिश्चित करना चाहते ही नहीं थे। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, 'इन दलों ने अपने शासन के दौरान कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने यह सुनिश्चत किया कि दोषियों को सजा मिले।' पंजाब सरकार बेअदबी के सभी मामलों में न्याय सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# तीन घंटे की बारिश में अहमदाबाद हुआ पानी-पानी, कई इलाकों में जलजमाव

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

अहमदाबाद,शुक्रवार की दोपहर मूशलाधार बारिश ने अहमदाबाद को पानी-पानी कर दिया। करीब तीन घंटों की बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलजमाव हो गया। पानी भर जाने की वजह से शाहीबाग और उस्मानपुरा अंडर ब्रिज घंटे तक ट्रैफिकके लिए बंद रहे। तीन घंटे के भीतर अहमदाबाद में औसत 4.50 ईंच जितनी बारिश हुई। जिसमें सबसे अधिक पश्चिमी अहमदाबाद के उस्मानपुरा, वाडज, आश्रम रोड और नारणपुरा क्षेत्र में करीब 9 ईंच बारिश हुई। जबकि पूर्वी अहमदाबाद के रखियाल और गोमतीपुर इत्यादि क्षेत्रों में 6 ईंच बारिश दर्ज हुई। शहर के ओढव, विराटनगर, रामोल में 5.50 ईंच बारिश हुई। वहीं उत्तर जोन के मेम्को, नरोडा, कोतरपुर, सरदारनगर, मेघाणीनगर में 2.50 ईंच, उत्तर पश्चिम और दक्षिण जोन के थलतेज, गोता, सायंस सिटी में डेढ़ ईंच और दक्षिण जोन में मणीनगर, वटवा इत्यादि में 2 ईंच जितनी बारिश दर्ज हुई। भारी बारिश के बीच अहमदाबाद के रायखड क्षेत्र के चिश्तीवाड में एक मकान की दीवार ढह गई। वहीं आस्टोडिया क्षेत्र की मांडवी पोल में एक पुराना मकान ढह गया, जिसके मलबे में एक व्यक्ति दब गया था। हांलाकि फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने से पहले आसपास के लोगों ने व्यक्तिको सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटनास्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मलबे को हटाने की कार्यवाही शुरू की। मूशलाधर बारिश के दौरान शहर में कई जगह पेड़ों के गिरने की भी खबर है।







# पावागढ़ दर्शन करने जा रहे बाइक सवार तीन युवकों की डम्पर की चपेट में आकर मौत

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

वडोदरा,वडोदरा-हालोल रोड पर डम्पर की चपेट में आए बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब तीन युवक पावागढ़ में महाकाली माता के दर्शन कर जा रहे थे। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हालोल रेफरल अस्पताल भेज आगे की कार्यवाही शुरूकी। जानकारी के मुताबिक वडोदरा से 5 युवक दो मोटर साइकिल पर सवार होकर पावागढ़ में महाकाली माता के दर्शन करने घर से निकले थे। वडोदरा-हालोल रोड पर डम्पर ने एक मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दाहोद जिले के गरबाडा तहसील के गांगरडी निवासी 20 वर्षीय वीरेन्द्र भरतभाई गोहिल और देवगढ़ बारिया तहसील के देगावाडा निवासी 20 वर्षीय जयेन्द्र संजयभाई पटेल के अलावा महीसागर जिले की लूणावाडा तहसील के लींबडिया गांव निवासी रौनक धनाभाई परमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे का शिकार रौनक परमार वडोदरा में अपने माता-पिता के साथ किराए के मकान में रहता था। जबकि वीरेन्द्र पटेल और जयेन्द्र गोहिल होस्टेल में रहते थे। वीरेन्द्र गोहिल और रौनक परमार वडोदरा की सिग्मा कॉलेज में पढ़ाई करते थे। जबकि जयेन्द्र पटेल वडोदरा की सुमनदीप कॉलेज का छात्र था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हालोल रेफरल अस्पताल भेज मामले की जांच शुरूकी।

# सूरत में 4 घंटे में गिरी 4 इंच बारिश सूरत में सड़कें बन गईं स्वीमिंग पूल

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

भारतीय मौसम विभाग ने सूरत जिले में 9 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। सभी अधिकारियों को मुख्यालय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है. वहीं, सूरत जिले में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। शहरी क्षेत्र में दोपहर 2 से 6 बजे तक भारी बारिश के बाद चार इंच बारिश हुई. इसके चलते निचले इलाकों में पानी भर गया है। सलाबतपुरा में कालीपुर अंबावाड़ी के पास कमर तक पानी भर गया। बाढ़ का पानी भारी था। यहां सड़क तो नहीं थी लेकिन स्वीमिंग पूल के नजारे थे।

जगह-जगह के बाढ़ क्षेत्र में पुल के पास की सड़क पर पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों की मौत हो गई . साथ ही सलाबतपुरा के कालीपुर अंबावाड़ी में कमर तक पानी भर गया। बाढ़ का पानी भारी था। यहां सड़क ही नहीं झील भी नजर आई। रूपम सिनेमा के पास भी घुटनों में पानी भर गया। चालक भी बुरी तरह प्रभावित हुए। इसके अलावा उधा के गुरुद्वारे में भी पानी भर गया। बाढ़ से वाहन चालक भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। आर्च के स्कूल एरिया में भी पानी भर गया. सीवर लाइन का पानी पीछे से टकराकर भर गया। लगातार बारिश के कारण सूरत के कई इलाकों में पानी भर गया और सूरत शहर में पानी भर गया।

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान के बीच चार इंच बारिश का अनुमान जताया है।

लेकिन शहरी क्षेत्र में रात से दो बजे तक भारी बारिश हो रही है. जबकि सूरत जिले के महुवा तालुका में 54 मिमी बारिश हुई है।

जबकि उमरपाड़ा तालुका में 45 मिमी बारिश हुई है। दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक जब भारी बारिश शुरू हुई तो सूरत शहर में 97 मिमी बारिश हुई।





# सूरत के सरसाना कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत से पूरे राज्य में विधानसभा चुनाव जीतकर रणनीति तय की जाएगी। सूरत शहर गुजरात की राजनीति का एपी केंद्र बनता जा रहा है। वर्तमान राज्य सरकार में सूरत सबसे ज्यादा और मजबूत दबदबा दिखा रहा है। सूरत शहर में पहली बार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होने जा रही है. जिसके कनकशन की तैयारी चल रही है। सूरत शहर में कल से होने वाली कार्यकारिणी की बैठक में भाजपा के सभी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे.

इसलिए कार्यकारिणी के लिए चुना गया क्षेत्र कार्यकारी में उन मुद्दों पर चर्चा करेगा जिन्हें संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। सरसाना कन्वेंशन सेंटर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

सूरत में राज्य कार्यकारिणी को संगठित करके राज्य भर में संगठन को मजबूत करने का प्रयास सूरत में राज्य कार्यकारिणी के आयोजन के पीछे एक बड़ी रणनीति है। सूरत शहर में कांग्रेस का ढांचा मजबूत नहीं है लेकिन इस तरह आम आदमी पार्टी का असर साफ दिखाई दे रहा है. आम आदमी पार्टी ने सूरत शहर में निगम में जो कामयाबी हासिल की है। विधान सभा में ऐसी सफलता न मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आर पाटिल स्वयं सूरत से होने के कारण सूरत में कोई कच्चा माल न बचे इस पर ध्यान दिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी सूरत शहर की 12 विधानसभा सीटों पर कड़ी मेहनत कर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष सूरत से हैं, इसलिए स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने की सीआर पाटिल की कोशिश सूरत में आम आदमी पार्टी के राजनीतिक आंदोलन पर भी केंद्रित है. हालांकि आप ने निगम में पैठ बना ली है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए हर मोर्चे पर लड़ने के मूड में है कि उसे विधानसभा में एक भी सीट न मिले। एक तरह से सूरत संगठन ने काम करना शुरू कर दिया है







